RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

जब तक सुधरेंगे नहीं, बच्चों के मां-बाप।
कुछ भी बदलेगा नहीं, कुछ भी कर लें आप।
कुछ भी कर लें आप, नहीं कुछ भी बदलेगा।
मॉम-डैड को देख, और बच्चा मचलेगा।
कह साहिल कविराय, नहीं कुछ होगा तब तक।
बच्चों के मां-बाप, नहीं सुधरेंगे जब तक।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



VOL: 11 | ISSUE 19 | SATURDAY 31-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

10th EDITION
गमसा एक्सपो 2026
GMMSA EXPO INDIA
REGISTER ONLINE WWW.GMMSAEXPO.COM
6-7-8-9 FEBRUARY, 2026
Dana Mandi, Bahadur Ke Road,
Nr. Jalandhar Bye Pass Ludhiana (Punjab), INDIA
M: 99885-18082, 98158-23182, Email: gmmsaindia@gmail.com

# पावरकॉम का न्यू हाई स्कूल की दूसरी ब्रांच पर भी एक्शन, काटा कनेक्शन

## आठ विला और पीजी को अवैध तरीके से सप्लाई हो रही थी बिजली

लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। वीरवार को जहां पहले न्यू हाई स्कूल सोसायटी की सराभा नगर किप्स मार्केट की बैक साइड स्थित ब्रांच पर पावरकॉम विभाग द्वारा एक्शन लेते हुए बिजली सप्लाई काट दी गई थी। वहीं अब न्यू हाई स्कूल की सिविल लाइन ब्रांच पर भी विभाग द्वारा एक्शन ले लिया गया है। जिसके चलते उक्त ब्रांच की भी बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। न्यू हाई स्कूल की सोसायटी के मुखी सुनील मडिया, गौरव मडिया, उनके मेंबर रिश्तेदार और करीबियों द्वारा दोनों ब्रांच में स्कूल के नाम पर बिजली मीटर लगवाकर लोड बढ़ा रखा था। जबकि उक्त मीटर से दूसरी बिल्डिंगों को बिजली सप्लाई की जा रही थी। जिसके चलते विभाग द्वारा एक्शन लेते हुए कनेक्शन ही काट दिया गया है। इसी के साथ साथ स्कूल की कमेटी को भारी भरकम जुमार्ना भी लगेगा। लेकिन अभी जुमार्ने संबंधी विभाग द्वारा जानकारी सांझी नहीं की गई है।






### मडिया परिवार कमाई के चक्कर में बच्चों का भविष्य कर रहा खराब

वहीं लोगों में चर्चा है कि मडिया परिवार द्वारा कमाई के चक्कर में न्यू हाई स्कूल के बच्चों का भविष्य खराब किया जा रहा है। अब दोनों ब्रांच का बिजली कनेक्शन काटने पर स्कूल में अंधेरा रहेगा। जिसके चलते बच्चे पढ़ नहीं पाएंगे। जिसका सीधा असर बच्चों की स्टडी पर पड़ेगा।

### श्री राम स्कूल भी बच्चों के भविष्य से कर रहा खिलवाड़

सुनील मडिया, उसके परिवार व करीबियों द्वारा तो न्यू हाई स्कूल के बच्चों की पढ़ाई खराब करवाई ही जा रही है, वहीं सराभा नगर स्थित श्री राम इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजमेंट भी इस मामले में कहीं पीछे नहीं है। क्योंकि मैनेजमेंट के पास अपना बिजली मीटर नहीं है। उनकी और से फिर भी भारी फीस लेकर बच्चों को पढ़ाया जा रहा था, जबकि बिजली सप्लाई न्यू हाई स्कूल से ली जा रही थी। अब उक्त स्कूल में भी लाइट नहीं है और बच्चों की पढ़ाई खराब हो रही है। जिसके चलते पेरेंट्स को अपने बच्चों को अगर किसी स्कूल में पढ़ाना है तो पहले उसके लीगल व इललीगल कार्यों की जानकारी जरुर रखें, ताकि बच्चों का भविष्य खराब न हो सके।

### विला और पीजी को बिजली की जा रही थी सप्लाई

जानकारी के अनुसार सुनील मडिया की और से अपनी जबरन बनाई कमेटी के जरिए न्यू हाई स्कूल की सिविल लाइन ब्रांच की जमीन में आठ विला और पीजी बना दिए। जिन्हें किराए पर देकर हर महीने लाखों रुपए किराया खाया जा रहा है। मडिया द्वारा बिजली कनेक्शन स्कूल के नाम पर ले रखा था। जबकि उसी से आठ विला और पीजी को बिजली सप्लाई की जा रही थी, जो कि गैरकानूनी है। जिसके चलते विभाग द्वारा एक्शन लिया गया है।

### प्राइवेट स्कूलों को जमीनें बेचने की चर्चाएं

वहीं लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की और से स्कूल चलाने के लिए न्यू हाई स्कूल को सराभा नगर में जमीन दी थी। आरोप है कि सुनील मडिया ने कई राजनेताओं, रिश्तेदारों और करीबियों के साथ मिलकर ट्रस्ट की जमीन आगे बेच दी। जहां पर अब कंगारू किड्स, श्री राम इंटरनेशनल स्कूल और आर्किड स्कूल बने हुए हैं। हालांकि इस मामले में ट्रस्ट द्वारा न्यू हाई स्कूल की मैनेजिंग कमेटी पर इललीगल तरीके से जमीनें बेचने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया है। हालांकि तीनों स्कूलों द्वारा उन्हें जमीन रेंट पर देने की बात कही है।

### हमें जमीन रेंट पर दी गई है

वहीं इस मामले में श्री राम इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य पवनदीप सहगल से संपर्क किया गया। लेकिन सवाल पूछने पर उन्होंने फोन काट दिया। जिसके बाद दूसरे सदस्य गुरप्रीत सिंह बांसल से संपर्क हुआ तो उन्होंने कहा कि श्री राम इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजमेंट में पवनदीप, रमन और गुरप्रीत सिंह पार्टनर है। उक्त जमीन न्यू हाई स्कूल की प्राइवेट जमीन है। जिसकी रजिस्ट्री उनके नाम पर है। श्री राम स्कूल द्वारा जमीन को रेंट पर लिया गया है। उन्हें श्री राम स्कूल को गलत तरीके से बिजली सप्लाई होने का सवाल किया तो आगे से गुरप्रीत सिंह ने जवाब नहीं दिया।

# 24 घंटे में पलटा बाजार, सोना-चांदी लुढ़के, निवेशकों में घबराहट

## चांदी 1 लाख तो सोना 35 हजार टूटा




नई दिल्ली, यूटर्न, 30 जनवरी। शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में आई जबरदस्त गिरावट से देशभर के सराफा बाजारों में हड़कंप मच गया। रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद अचानक हुई मुनाफावसूली ने कीमती धातुओं के भाव को तेजी से नीचे खींच लिया। हालात ऐसे रहे कि महज 24 घंटे में चांदी जहां करीब ₹4.20 लाख के स्तर से फिसलकर लगभग ₹3.20 लाख प्रति किलो तक आ गई, वहीं सोना भी गुरुवार को करीब ₹1.95 लाख प्रति 10 ग्राम छूने के बाद शुक्रवार को ₹1.60 लाख के आसपास कारोबार करता नजर आया। देर शाम तक कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहा। भाव गिरते ही बाजार में अफरातफरी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्राहक सोना-चांदी बेचने दुकानों पर पहुंचने लगे। बढ़ती वापसी को देखते हुए खुदरा ज्वैलर्स ने एहतियातन सोने की खरीद पर उस वक्त के MCX रेटों से भी सोना ₹6 हजार और चांदी पर करीब ₹20 हजार प्रति किलो कम भाव लगाने शुरू कर दिए, जिससे कई जगह ग्राहकों और दुकानदारों के बीच हल्की नोकझोंक की स्थिति भी देखी गई। MCX पर चांदी करीब 16-17 प्रतिशत टूटकर लगभग ₹3.32 लाख प्रति किलो पर आ गई, जबकि सोना करीब 13 प्रतिशत गिरकर ₹1.54 लाख प्रति 10 ग्राम के आसपास रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक डॉलर की मजबूती और तेज मुनाफावसूली इस गिरावट की बड़ी वजह है। जानकार मानते हैं कि फिलहाल बाजार में तेज उतार-चढ़ाव बना रहेगा और निवेशकों को सतर्क रहना होगा।

- वापसी के घबराए दुकानदारों ने MCX रेटों से भी 20 हजार कम लगाई चांदी की कीमत

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222

2 LUCKY WINNERS
WILL GET CAKE WORTH
OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED
THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be
reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# एफवाई26 के लिए 6.8-7.2% ग्रोथ का अनुमान, 'आउटलुक अनुकूल बना हुआ, तीन जोखिम परिदृश्यों से भी सावधान रहने की जरूरत

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जनवरी। एफवाई26 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण संसद में पेश किया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार किया गया यह दस्तावेज सरकार के वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट कार्ड है। इसमें क्या कहा गया है? आइए देखें और इसका विश्लेषण करें। जीडीपी ग्रोथ की सीमा 7% तक बढ़ाई गई: सर्वेक्षण ने लगातार घरेलू सुधारों, सार्वजनिक निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार के कारण भारत की मध्यम अवधि की संभावित विकास दर को बढ़ाकर 7.0% (6.5% से) कर दिया है।



## जियोपॉलिटिकल उथल-पुथल

पिछले अस्थायी झटकों के उलट, सर्वे चेतावनी देता है कि मौजूदा जियोपॉलिटिकल अस्थिरता सिर्फ.एक साल तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि ग्लोबल माहौल का एक ₹स्थायी हिस्सा₹ बन सकती है, जिससे इन्वेस्टमेंट में लगातार उतार-चढ़ाव आ सकता है।

## इम्पोर्ट-इनकम विरोधाभास

जैसे-जैसे भारत की घरेलू इनकम बढ़ती है, उसका इम्पोर्ट बिल भी ₹हमेशा₹ उसके साथ बढ़ता है - ₹आत्मनिर्भर₹ (स्वदेशीकरण) प्रयासों की सफलता की परवाह किए बिना। इससे विदेशी मुद्रा की लगातार स्ट्रक्चरल डिमांड बनी रहती है।

## मॉनेटरी डायवर्जेंस

बदलती ग्लोबल ब्याज दरें और एडवांस्ड इकोनॉमी में फाइनेंशियल स्थितियां कैपिटल फ्लो में अचानक उलटफेर को ट्रिगर कर सकती हैं, जिससे भारत के बाहरी सेक्टर की मजबूती की परीक्षा होगी।

## सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

एफवाई26 के लिए 7.4% की वास्तविक जीडीपी विकास दर (पहले अग्रिम अनुमान) के साथ, भारत लगातार चौथे वर्ष सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विकास मुख्य रूप से घरेलू मांग पर आधारित है, जिसमें निजी अंतिम उपभोग व्यय (PFCE) एफवाई12 के बाद से जीडीपी में अपनी उच्चतम हिस्सेदारी 61.5% तक पहुँच गया है। सकल निश्चित पूंजी निर्माण (GFCF) जीडीपी का 30.0% पर स्थिर है, जो रिकॉर्ड सार्वजनिक पूंजी व्यय और निजी निवेश में पुनरुद्धार द्वारा समर्थित है।

**सहायक मौद्रिक नीति:** मुद्रास्फीति में कमी के जवाब में, RBI ने फरवरी 2025 से रेपो दर में 125 आधार अंकों की कमी की है।

**विश्वसनीय राजकोषीय समेकन:** सरकार ने एफवाई25 में 4.8% का राजकोषीय घाटा हासिल किया और एफवाई26 के लिए 4.4% का लक्ष्य निर्धारित किया, जो एफवाई21 के उच्चतम स्तर से घाटे को आधा करने के लंबे समय के वादे को पूरा करता है।

**सॉवरेन रेटिंग अपग्रेड:** भारत को S&P (BBB तक), मॉर्निंगस्टार DBRS और R&I से क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड मिला, जो लगभग दो दशकों में किसी प्रमुख एजेंसी से पहला अपग्रेड है।

**मुद्रास्फीति नियंत्रित:** मुख्य मुद्रास्फीति (CPI) अप्रैल-दिसंबर 2025 में रिकॉर्ड निचले स्तर 1.7% पर आ गई, मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में भारी गिरावट के कारण। इकोनॉमिक सर्वे में तीन रिस्क सिनेरियो पर जोर दिया गया है। हालांकि डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि इन सिनेरियो की ₹डिग्री और अवधि₹ अलग-अलग होगी, लेकिन ये सभी एक ही अहम प्रेशर पॉइंट पर मिलते हैं: कैपिटल फ्लो में रुकावट और उसके बाद रुपये पर पड़ने वाला असर।

# पंजाब सीएम मान और उद्योग मंत्री अरोड़ा नीदरलैंड और चेक रिपब्लिक में इन्वेस्टमेंट मिशन का नेतृत्व करेंगे



चंडीगढ़/यूटर्न/30 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान फरवरी में नीदरलैंड और चेक रिपब्लिक में एक उच्च-स्तरीय राज्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह सरकार की विदेशी निवेश आकर्षित करने और पंजाब को एक उभरते हुए औद्योगिक केंद्र के रूप में बढ़ावा देने की कोशिशों का हिस्सा है। मुख्यमंत्री के साथ उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा, मुख्य सचिव केएपी सिन्हा और लगभग दो दर्जन वरिष्ठ अधिकारी होंगे। एक हफ्ते की इस यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडल के संभावित निवेशकों, उद्योगपतियों और बिजनेस ग्रुप्स के साथ बैठकें करने और सहयोग के अवसरों का पता लगाने की उम्मीद है। यह विदेशी दौरा राज्य सरकार की 6वें प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों से जुड़ा है, जो 13 से 15 मार्च तक मोहाली में होने वाला है। सरकार का लक्ष्य समिट से पहले पंजाब की औद्योगिक क्षमता को दिखाना और निवेश के वादे हासिल करना है।

## दौरे से पहले सीएम मुंबई में प्रतिनिधिमंडल से मिलेगें

यूरोप दौरे से पहले, मुख्यमंत्री 3 और 4 फरवरी को घरेलू निवेशकों और कॉपोर्रेट घरानों से जुड़ने के लिए मुंबई में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी करेंगे। पंजाब सरकार ने पहले जापान और दक्षिण कोरिया में भी इसी तरह के आउटरीच कार्यक्रम किए थे, जहाँ वरिष्ठ अधिकारियों ने कई निवेशक बैठकें कीं और कंपनियों को आगामी समिट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। राज्य सरकार का कहना है कि ये पहल औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, रोजगार पैदा करने और पंजाब को घरेलू और विदेशी निवेश दोनों के लिए एक प्रतिस्पर्धी जगह के रूप में स्थापित करने की एक स्थायी रणनीति का हिस्सा हैं।

## दौरे से पहले सीएम मुंबई में प्रतिनिधिमंडल से मिलेगें

यूरोप दौरे से पहले, मुख्यमंत्री 3 और 4 फरवरी को घरेलू निवेशकों और कॉपोर्रेट घरानों से जुड़ने के लिए मुंबई में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी करेंगे। पंजाब सरकार ने पहले जापान और दक्षिण कोरिया में भी इसी तरह के आउटरीच कार्यक्रम किए थे, जहाँ वरिष्ठ अधिकारियों ने कई निवेशक बैठकें कीं और कंपनियों को आगामी समिट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। राज्य सरकार का कहना है कि ये पहल औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, रोजगार पैदा करने और पंजाब को घरेलू और विदेशी निवेश दोनों के लिए एक प्रतिस्पर्धी जगह के रूप में स्थापित करने की एक स्थायी रणनीति का हिस्सा हैं।

# सड़क पर चला रहा था नकली पुलिस गाड़ी, चेकिंग में फंसा 'वीआईपी शौकीन' युवक

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 जनवरी। वीआईपी बनने का शौक एक युवक को महंगा पड़ गया। चंडीगढ़ में फर्जी तरीके से पुलिस की नेम प्लेट और गाड़ी के अंदर लाल बत्ती लगाकर घूम रहे युवक को सेक्टर-3 थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दबोच लिया। जांच में पूरा मामला फर्जी निकला, जिसके बाद ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन का चालान किया गया।






**टोल और चालान से बचने के लिए रची साजिश...**पुलिस जांच में आरोपी की पहचान चिराग, निवासी हरियाणा के रूप में हुई है, जो हरियाणा सचिवालय में कार्यरत बताया जा रहा है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह टोल टैक्स से बचने और सड़क पर पुलिस कार्रवाई से निकलने के लिए गाड़ी के आगे पुलिस की नेम प्लेट लगाता था और अंदर लाल बत्ती रखता था, ताकि आम लोग और पुलिस उसे सरकारी वाहन समझें। पुलिस के मुताबिक, वह पहले भी इसी हथकंडे से कई बार चालान से बच चुका था।

**चेकिंग के दौरान खुली पोल...**नियमित नाकाबंदी और वाहन जांच के दौरान जब पुलिस ने गाड़ी रोकी और दस्तावेज मांगे, तो साफ हो गया कि चिराग का पुलिस विभाग से कोई लेना-देना नहीं है। गाड़ी पूरी तरह निजी थी और उसमें कोई भी अधिकृत पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं था।

**सिफारिश भी नहीं आई काम...**सूत्रों के अनुसार, पकड़े जाने पर चिराग ने एक वरिष्ठ अधिकारी का नाम लेकर दबाव बनाने की कोशिश भी की। मामले की सूचना तुरंत थाना प्रभारी सेक्टर-3 नरेंद्र पटियाल को दी गई, जिन्होंने नियमों के तहत बिना किसी दबाव के कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद फर्जी नेम प्लेट और लाल बत्ती हटवाकर वाहन का चालान किया गया।

**पुलिस का सख्त संदेश...**चंडीगढ़ पुलिस ने साफ किया है कि फर्जी वीआईपी संस्कृति और नियमों के उल्लंघन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सेंट्रल जेल में हवालाती से मिलने आई बहन गिरफ्तार

लुधियाना, यूटर्न, 30 जनवरी। सैंट्रल जेल में सलाखों के पीछे बंद अपने भाई से मुलाकात करने आई बहन को जेल पुलीस ने गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी के दौरान उक्त महिला से 30 ग्राम खुला जर्दा बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा सहायक सुपरीटेंडेंट सुखपाल सिंह की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस जांच अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि रानी पत्नी किशन कुमार निवासी ई.डबलू.एस कॉलोनी,ताजपुर रोड की रहने वाली है।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 06 जीवन की हर खुशी व सुख को प्राप्त करने के लिए...

# लुधियाना में इंडिया एग्री एक्सपो का आगाज, किसानों को मिलेगें आधुनिक सुविधाओं से लैस उपकरण, मॉडर्न सल्यूशन पर फोक्स

लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। इंडिया एग्री एक्सपो का आगाज शुक्रवार को एक शानदार उद्घाटन के साथ शुरू हुआ, जिसमें खेती और उससे जुड़ी इंडस्ट्रीज की सबसे अच्छी चीजें दिखाई गईं, जो इन सेक्टर्स में इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और तरक्की दिखाने के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। एग्ज़िबिशन का औपचारिक उद्घाटन पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. सतबीर सिंह गोसल ने किया। इस इवेंट में भारतीय खेती को मजबूत करने में मशीनीकरण, रिसर्च और इंडस्ट्री के साथ मिलकर काम करने की बढ़ती अहमियत पर जोर दिया गया। उद्घाटन के दिन किसान समुदाय से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिसमें 10,000 किसान और पार्टिसिपेंट शामिल हुए। किसानों ने प्रोडक्टिविटी और प्रॉफिटेबिलिटी को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए कई मॉडर्न सॉल्यूशन अपनाए हैं। टेस्ट ऑफ द क्लास में जोश और जश्न का माहौल था। लाइव डेमोंस्ट्रेशन और इंटरैक्टिव डिस्प्ले ने छोटे, मीडियम किसानों और बड़े जमीन मालिकों के लिए सही प्रैक्टिकल टेक्नोलॉजी में गहरी दिलचस्पी जगाई।

इंडिया एग्री एक्सपो में देश भर से 200 से ज्यादा एग्ज़िबिटर शामिल हैं, जो किसानों को खेती की जानकारी और डेयरी सेक्टर में हो रहे नए डेवलपमेंट की जानकारी देते हैं।






## किसानों के लिए नई टेक्नोलॉजी उपलब्ध

एक्सपो में आने वाले किसान एडवांस्ड ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, सीड ड्रिल, प्लांटर, जुताई के उपकरण, स्प्रेयर और सिंचाई सिस्टम, कटाई के बाद की मशीनरी, अनाज संभालने और स्टोरेज के सॉल्यूशन, डेयरी फार्मिंग के उपकरण, दूध चुनने और खिलाने के सिस्टम, फीड मशीनरी, रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशन और सटीक खेती की टेक्नोलॉजी देखेंगे। यह प्रदर्शनी लागत कम करने, एफिशिएंसी बढ़ाने, रिसोर्स बचाने और सस्टेनेबल खेती के तरीकों पर फोकस करती है। यह उन इनोवेशन को भी दिखाती है जो बढ़ावा देने पर फोकस करते हैं। यह प्रदर्शनी एक नॉलेज-शेयरिंग प्लेटफॉर्म के तौर पर भी काम करती है जहाँ किसान मॉडर्न मशीनरी के बारे में जान सकते हैं। वे प्रैक्टिकल फायदे, ऑपरेशन और मेंटेनेंस को समझने के लिए सीधे मैन्युफैक्चरर, टेक्निकल एक्सपर्ट और रिसर्चर से बातचीत कर सकते हैं।

## विदेशियों ने भी प्रदर्शनी का किया दौरा

इस इवेंट में चुंगनाम नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट भी शामिल हुए। एक कोरियाई डेलीगेशन ने प्रदर्शनी का दौरा किया और एग्जिबिटर और ऑर्गनाइजर से बातचीत की। श्री मंदीप सिंह भुल्लर ने भी शो का दौरा किया और शानदार स्केल, एग्जिबिट की तारीफ की और इवेंट की क्वालिटी और किसान-केंद्रित तरीके की तारीफ की, और ग्लोबल इनोवेशन को जोड़ने में इसकी भूमिका को पहचाना। पीएसएआईएमए के चेयरमैन बलदेव सिंह, पीएसएआईएमए के प्रेसिडेंट अविन्दर सिंह; एएमएमए इंडिया के डिप्टी चेयरमैन सरबजीत सिंह, सीआईपीएचईटी के डायरेक्टर डॉ. नचिकत और पीएयू डीन डॉ. मंजीत सिंह जैसे जाने-माने लोगों की मौजूदगी से उद्घाटन और भी शानदार हो गया। उनकी मौजूदगी ने एग्री-मशीनरी सेक्टर के लिए मजबूत इंस्टीट्यूशनल और इंडस्ट्रियल सपोर्ट को और बढ़ाया। और मजबूत किया।

**किसानों के मॉर्डन सॉल्यूशन देना मकसद...** इंडिया एग्री एक्सपो का पहला दिन बड़ी कामयाबी के साथ खत्म हुआ, जिसमें किसानों ने टेक्नोलॉजी में बहुत जोश और भरोसा दिखाया। इस एग्ज़िबिशन का मकसद किसानों को मॉडर्न सॉल्यूशन देना, इंडस्ट्री-किसान के बीच जुड़ाव को मजबूत करना है और उम्मीद है कि यह भारतीय खेती के भविष्य के विकास और सस्टेनेबिलिटी में अहम भूमिका निभाएगी।

# सुधार एसएमओ और क्लर्क रिश्वत लेते गिरफ्तार, ऑडिट के नाम पर मुलाजिमों से करते थे अवैध वसूली

लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। लुधियाना के सिधवां बेट स्थित सरकारी अस्पताल में ऑडिट के नाम पर रिश्वत का धंधा कर रही एसएमओ और उसके क्लर्क को विजिलेंस ने रेड कर गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, सिधवां बेट अस्पताल की एसएमओ हरकीरत गिल पर आरोप है कि उन्होंने अस्पताल के अधीन आने वाली लगभग 25 डिस्पेंसरियों में तैनात करीब 125 कर्मचारियों से ऑडिट



के नाम पर अवैध वसूली शुरू कर रखी थी। बताया जा रहा है कि इस अवैध वसूली से परेशान एक कर्मचारी ने गांव के सरपंच पति बलकार सिंह से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद यह मामला आम आदमी पार्टी के नेता केएस कंग तक पहुंचा। कंग ने इसे गंभीर मानते हुए विजिलेंस विभाग को सूचना दी। विजिलेंस ने एक कर्मी को रिश्वत की पेमेंट देकर भेजा। उक्त पेमेंट उसने सहायक क्लर्क सतविंदर सिंह को दी। सतविंदर ने पेमेंट आगे एसएमओ हरकीरत गिल को दी। जिसके बाद टीम ने रेड कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# महानगर में बड़ा हादसा टला: CNG टैंकर बना आग का गोला, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



नवीन गोगना

लुधियाना, युटर्न, 30 जनवरी। गिल रोड स्थित लोहारा पुल के पास इंडियन ऑयल कंपनी के पेट्रोल पंप के सामने एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कार से टकराने के बाद सीएनजी गैस से भरे टैंकर में अचानक आग लग गई और वह कुछ ही मिनटों में आग के गोले में तब्दील हो गया। लुधियाना-दोराहा मुख्य मार्ग के बीचों-बीच जल रहे टैंकर से ड्राइवर और क्लीनर ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। गनीमत यह रही कि टैंकर में ब्लास्ट नहीं हुआ, वरना यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। मामले की जानकारी देते हुए पेट्रोल पंप के मालिक राजू शर्मा ने बताया कि सड़क पर चल रही एक कार से टक्कर के करीब 10 मिनट बाद टैंकर में आग लगी। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया और पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई।

उन्होंने बताया कि घटना के समय मौके पर मौजूद कुछ लोग तमाशबीन बने मोबाइल से वीडियो बनाते रहे, जबकि आग की लपटें आसमान तक पहुंचने लगी थीं। पेट्रोल पंप स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए अग्निशमन यंत्रों और पानी की तेज बौछारों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। शर्मा ने कहा कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो लुधियाना-दोराहा मुख्य मार्ग पर बड़ा धमाका हो सकता था

# कोर्ट परिसर में फिल्मी ड्रामा : पेशी पर आया आरोपी फरार, पुलिस ने मुस्तैदी से

लुधियाना, युटर्न, 30 जनवरी। कचहरी परिसर में उस समय अफरा तफरी मच गई जब पेशी पर लाया गया एक शातिर युवक पुलिस कस्टडी से फरार होने के इरादे से भाग खड़ा हुआ। आरोपी ने पुलिसकर्मियों को चकमा देकर वहां से रफूचक्कर होने की पूरी कोशिश की, लेकिन मुस्तैद सुरक्षाकर्मियों ने उसकी चालाकी पर पानी फेरते हुए उसे पीछा करके दबोच लिया। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस पार्टी एक मामले के सिलसिले में उक्त युवक को कोर्ट में पेश करने के लिए लेकर आई थी। जैसे ही आरोपी को पेशी के लिए ले जाया जा रहा था, उसने मौका पाकर पुलिस की पकड़ से खुद को छुड़ाया और दौड़ लगा दी। आरोपी को भागता देख पुलिस कर्मचारियों के भी हाथ-पांव फूल गए और उन्होंने तुरंत शोर मचाते हुए उसका पीछा करना शुरू किया। गनीमत रही कि कोर्ट परिसर में मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने भी तुरंत मोर्चा संभाल लिया और चारों तरफ से घेराबंदी कर भाग रहे युवक को कुछ ही दूरी पर दबोच लिया।



# पंजाब पुलिस को मिलेगी बड़ी मजबूती, 3400 नई भर्तियों का ऐलान; डीजीपी गौरव यादव सख्त मोड में

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 30 जनवरी। पंजाब में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब पुलिस में 3400 नए पदों पर भर्ती की प्रक्रिया इसी साल शुरू की जाएगी।

यह ऐलान पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने किया। उन्होंने बताया कि पुलिस थानों में स्टाफ की कमी को देखते हुए राज्य सरकार पहले ही 1600 पदों को अपग्रेड कर चुकी है और अब नई भर्तियों से पुलिस बल की क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

एसएसपी कार्यालय के बाहर दिनदहाड़े हुई हत्या की घटना के बाद हालात की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी गुरुवार देर रात खुद मोहाली पहुंचे और शहर के संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। उन्होंने साफ कहा कि पंजाब पुलिस अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है और किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।



## बदली आईएसआई की रणनीति

डीजीपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि आईएसआई की कार्यप्रणाली में बदलाव आया है और अब नशे के साथ-साथ हथियार और विस्फोटक भी सीमा पार से भेजे जा रहे हैं। पंजाब पुलिस इन साजिशों को नाकाम करने के लिए पूरी तरह सतर्क है और हर स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## एक दिन में तीन बड़ी कामयाबियां

डीजीपी ने बताया कि पंजाब पुलिस ने एक ही दिन में तीन बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं।

- नालागढ़ थाने पर हुए हमले की साजिश का खुलासा हुआ है, जिसके तार पाकिस्तान में बैठे आतंकी हरविंदर रिंदा और अमेरिका में मौजूद मास्टरमाइंड से जुड़े पाए गए हैं। इस मामले में दो ऑपरेटिव गिरफ्तार किए गए हैं और जांच में एनआईए व अन्य केंद्रीय एजेंसियों का सहयोग लिया जा रहा है।
- फाजिल्का जिले में बीएसएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई में 21 पिस्टल और 2.1 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई।
- गांव रक्षा समितियों की सूचना पर पुलिस ने 43 किलोग्राम हेरोइन और आरडीएक्स भी जब्त किया है।

## गैंग नेटवर्क तोड़ने के लिए विशेष सेल

डीजीपी के अनुसार, गैंगस्टरों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए एक विशेष ऑफ-ट्रैक सेल का गठन किया गया है, जो आईजी स्तर के अधिकारी की निगरानी में काम कर रही है। यह सेल केंद्र सरकार और विदेशी एजेंसियों के साथ तालमेल कर विदेशों में बैठे अपराधियों को भारत लाने की दिशा में भी प्रयास कर रही है।

## ऑपरेशन प्रहार पर डीजीपी का स्पष्ट संदेश

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि राज्य में चलाया जा रहा 'ऑपरेशन प्रहार' पूरी तरह कानूनी और योजनाबद्ध अभियान है। इसे लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन आम नागरिकों को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि गैंगस्टरों और वांछित अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन 20 तारीख से शुरू किया गया था और अब तक कई अहम सफलताएं सामने आई हैं। गैंगस्टरों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर है।

# 667 पेटी अंग्रेजी शराब तस्करी के मामले में जोधपुर का सप्लायर गिरफ्तार, आरोपी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर

पंचकूला, यूटर्न, 30 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वर्ष 2022 में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी जिसमें पुलिस द्वारा गिरोह से जुड़े एक और सप्लायर को अब गिरफ्तार किया गया है। यह इस मामले में तीसरी गिरफ्तारी है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह चंडीगढ़ से शराब खरीदकर अवैध रूप से राजस्थान में सप्लाई करता था। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 अक्टूबर 2022 को पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि पंचकूला-जीरकपुर बॉर्डर, सैक्टर-20 पंचकूला के पास एक बड़े ट्रक में अवैध शराब लदी हुई है। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच सैक्टर-26 की टीम मौके पर पहुंची, जहां ट्रक लावारिस हालत में खड़ा मिला। ट्रक की तलाशी लेने पर पीओपी के कट्टों में भरी हुई अलग-अलग अंग्रेजी ब्रांड की कुल 667 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। शराब की पेटियों पर 'सेल इन चंडीगढ़' की मोहर लगी हुई थी। इस संबंध में थाना सैक्टर-20 पंचकूला में हरियाणा आबकारी संशोधन अधिनियम की धारा 61(1)() के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सैक्टर-26 इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने तीसरे आरोपी सप्लायर जाला राम निवासी जिला जोधपुर, राजस्थान को 29 जनवरी को गिरफ्तार किया। आरोपी को आज अदालत में पेश कर 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान अन्य सहयोगी सप्लायरों के बारे में अहम जानकारियां जुटाकर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।




## इस मामले में 2 शराब तस्कर पहले से गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस पहले भी कार्रवाई करते हुए 13 अक्टूबर 2022 को सुजाना राम निवासी बाड़मेर, राजस्थान को गिरफ्तार कर 14 अक्टूबर को अदालत में पेश किया था। चार दिन के पुलिस रिमांड के दौरान महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। वहीं, एक अन्य आरोपी शेखर उर्फ चंद्रशेखर उर्फ राजू को 16 जून 2023 को गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह है, जो चंडीगढ़ से शराब खरीदकर राजस्थान में अवैध रूप से सप्लाई करता था। गिरोह से जुड़े कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी अभी बकाया है, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पंचकूला पुलिस अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी और किसी भी सूरत में कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# FICCI FLO लुधियाना ने प्रस्तुत किया भव्य फैशन शो 'रियासत - द रॉयल कंटिन्यूअम'

लुधियाना, यूटर्न, 30 जनवरी। FICCI FLO लुधियाना ने विरासत, शिल्पकला और आधुनिक शान का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हुए एक विशेष फैशन शो 'रियासत - द रॉयल कंटिन्यूअम' का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता जिंदल (2025-26) के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जो केवल फैशन तक सीमित न रहकर एक उद्देश्यपूर्ण और भावनात्मक अनुभव बनकर सामने आया।

व्हिस्लिंग वुड्स में आयोजित इस शो में FLO की सदस्यों ने आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक कर नारी सशक्तिकरण और गरिमा का संदेश दिया। प्रतिभागियों को Nooran – The Multi Designer Store द्वारा विशेष रूप से स्टाइल किया गया, जबकि आभूषणों की शान बढ़ाई खुराना ज्वैलरी हाउस ने, जिसने पूरे शो को शाही आभा प्रदान की।

FLO लुधियाना को गर्व है कि यह फैशन शो नेशनल वेडिंग इनिशिएटिव के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व पूनम शर्मा, नेशनल प्रेसिडेंट, FICCI FLO और श्रीमती शालिनी बेरिवाल, इनिशिएटिव हेड, FLO दिल्ली द्वारा किया जा रहा है।

फैशन शो से पहले एक विशेष एक्सपीरियंस एंड एंटरटेनमेंट सेंटर भी तैयार किया गया, जिसमें महिला उद्यमियों के स्टॉल लगाए गए।















# कारपोरेशन बठिंडा के टेंडरों में मिलीभगत के आरोप, शिअद ने जांच की मांग की



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/30 जनवरी। नगर निगम बठिंडा द्वारा 16 जनवरी 2026 को लगाए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के टेंडरों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। शिरोमणि अकाली दल ने इन टेंडरों में गंभीर अनियमितताओं और मिलीभगत के आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शिअद हलका बठिंडा शहरी के इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि शहर के अपग्रेडेशन, सड़कों और गलियों के विकास कार्यों से संबंधित टेंडर जारी किए गए थे। इन टेंडरों में करीब 8 से 10 करोड़ रुपये का इंटरलॉक टाइल कार्य शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 40 वर्षों से नगर निगम में कार्य कर रहे स्थानीय ठेकेदार आमतौर पर इंटरलॉक टाइल का काम 20 से 25 प्रतिशत कम दरों पर करते आ रहे हैं। पिछले टेंडरों में भी ठेकेदारों द्वारा 12 से 15 प्रतिशत कम रेट भरे गए थे, लेकिन उस समय अधिकारियों द्वारा मौखिक और लिखित आदेश देकर रेट जबरन 20 से 25 प्रतिशत तक घटवाए गए। आरोप है कि रेट घटाने से इनकार करने पर टेंडर रद्द करने की धमकी भी दी जाती रही।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद के प्रयासों...

# 3 लाख आबादी की सांस्कृतिक आवाज दबा रहा चंडीगढ़ प्रशासन!

## मनीमाजरा के शिवालिक गार्डन में ओपन एयर थिएटर सालों से फाइलों में कैद

## प्रशासक के दौरे से जगी उम्मीद, बिना निरीक्षण लौटे जनता में गुस्सा

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 जनवरी। मनीमाजरा की करीब 3 लाख आबादी एक बार फिर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। सेक्टर-13 स्थित शिवालिक गार्डन में प्रस्तावित 'ओपन एयर थिएटर' का प्रोजेक्ट वर्षो से प्रशासनिक फाइलों में दबा पड़ा है। समाजसेवी और मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय ने इस मुद्दे को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि मनीमाजरा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आज तक कोई स्थायी मंच नहीं दिया गया, जो प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है।



राजबीर सिंह भारतीय



एस एस परवाना, प्रधान ऑल मनीमाजरा वेल्फेयर एशोसियेशन मनीमाजरा चंडीगढ़



सुभाष धीमान चेयरमैन मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन मनीमाजरा चंडीगढ़

### कागजों में मंजूर, जमीन पर शून्य

ऑल मनीमाजरा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एस.एस. परवाना ने बताया कि यह प्रोजेक्ट कोई नया नहीं है। पूर्व मेयर सुरेन्द्र सिंह के कार्यकाल में इसे प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन आज तक एक ईंट भी नहीं लगी।
उन्होंने सवाल उठाया कि

- क्या इस प्रोजेक्ट का बजट कहीं और खर्च हो गया?
- या फिर मनीमाजरा की जनता प्रशासन की प्राथमिकता में ही नहीं है?

'यह सिर्फ निर्माण नहीं, मनीमाजरा की पहचान का सवाल है'
MERWA के चेयरमैन सुभाष धीमान ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यह मुद्दा अब सिर्फ एक थिएटर का नहीं, बल्कि मनीमाजरा की सांस्कृतिक पहचान और सम्मान का बन चुका है।अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो स्थानीय जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

### प्रशासक के दौरे से टूटी उम्मीद

हाल ही में प्रशासक गुलाबचंद कटारिया के मनीमाजरा दौरे से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी थी कि शिवालिक गार्डन में ओपन एयर थिएटर के लिए स्थल निरीक्षण होगा।लेकिन मनीमाजरा अस्पताल और इंदिरा कॉलोनी पार्क का निरीक्षण करने के बाद प्रशासक शिवालिक गार्डन पहुंचे ही नहीं। वहां मौजूद लोगों को भारी निराशा हाथ लगी और माहौल में नाराजगी साफ देखी गई। राजबीर सिंह भारतीय ने कहा जिस ओपन एयर थिएटर का सपना वर्षों से मनीमाजरा देख रहा है, वह बनते-बनते हर बार टूट जाता है। प्रशासन का यह रवैया जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

### सांस्कृतिक केंद्र बनेगा शिवालिक गार्डन

संयुक्त बयान में समाजसेवी अरुण कुमार वशिष्ठ (एडवोकेट), मोलीजागरा से पास्टर रॉबर्ट विलियम,सुभाष नगर से महिला समाजसेवी पूजा रॉय सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कहा कि

- मनीमाजरा में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं
- स्थानीय कलाकार, स्कूली बच्चे और युवा मंच के अभाव में भटक रहे हैं
- ओपन एयर थिएटर से नाटक, कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा
- बुजुर्गों के लिए भजन-कीर्तन और बच्चों के लिए रचनात्मक गतिविधियाँ संभव होंगी

### प्रशासन से सीधी मांग

एसोसिएशन ने चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि—

- शिवालिक गार्डन के सौंदर्यकरण प्रोजेक्ट में
- ओपन एयर थिएटर के लिए तत्काल बजट आवंटन किया जाए
- बिना देरी टेंडर प्रक्रिया और जमीनी काम शुरू हो

### आंदोलन की चेतावनी

संयुक्त रूप से सभी पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो मनीमाजरा के लोग सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।हालांकि उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन हालात को वहां तक नहीं जाने देगा। अगर यह प्रोजेक्ट पूरा होता है, तो यह न सिर्फ मनीमाजरा बल्कि चंडीगढ़ के ह्रस्मार्ट सिटी सपने में भी एक मील का पत्थर साबित होगा।

# डीसीसी ने दबोचा वाहन चोर, आरोपी से तीन कारें बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 जनवरी। डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल पुलिस की टीम ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी से तीन चोरी की चारपहिया गाड़ियां बरामद की गई हैं।यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निदेशों तथा डीएसपी/डीसीसी विजय कुमार के मार्गदर्शन में, इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर की निगरानी में की गई।पुलिस को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर एएसआई हरभजन सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने 29 जनवरी 2026 को फिरोजपुर जिले के गोलू के से गुरु हरि राय सहाय जाने वाली दाना मंडी रोड से आरोपी शिकंदर सिंह उर्फ बाब्बू को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई कार HP28A-0205 (मारुति 800)



बरामद की गई, जो ई-एफआईआर नंबर 1707 दिनांक 27.12.2025, थाना सेक्टर-36, चंडीगढ़ में दर्ज मामले से संबंधित है। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर दो और चोरी की गाड़ियां मारुति जेन (PB65C-5713) और वैगनआर (CH03R-9150) भी बरामद की गई। ये दोनों वाहन मोहाली और ट्राई-सिटी के अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी किए गए थे।

आरोपी की पहचान शिकंदर सिंह उर्फ बाब्बू, पुत्र स्वर्गीय श्री शम सिंह, निवासी गांव बलाके रोहेला, थाना/डाकघर अमीर खास, जिला फाजिल्का (पंजाब), उम्र 33 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी पांचवीं पास है और पेशे से वेल्डिंग का काम करता है।

पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और नशे के लिए पैसे जुटाने के उद्देश्य से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। वेल्डर के रूप में अलग-अलग स्थानों पर काम करने के चलते उसे शहर की कई कॉलोनियों, पार्किंग स्थलों और रिहायशी इलाकों की अच्छी जानकारी थी। इसी का फायदा उठाकर वह चोरी करता था। पुलिस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है और अन्य चोरी की वारदातों में उसकी संलिप्तता का पता लगाया जा रहा है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया जाएगा।

# एसएसपी ऑफिस बाहर मर्डर के बाद एक्शन में डीजीपी, देर रात मोहाली पहुंचे, बोले- ऑपरेशन प्रहार लीगल, 3400 नई भर्ती

मोहाली/यूटर्न/30 जनवरी। मोहाली में दिनदहाड़े एसएसपी दफ्तर के बाहर मर्डर की घटना के बाद पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) खुद एक्शन मोड में आ गए हैं। वह गुरुवार देर रात मोहाली



पहुंचे। उन्होंने शहर के विभिन्न इलाकों की चेकिंग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल्दी ही 3400 नई पोस्ट भर्ती होगी। वहीं ऑपरेशन प्रहार को लेकर गलत अफवाहें फैलाई जा रही है। यह एक लीगल ऑपरेशन है। इसमें केवल गैंगस्टरों पर ही हमारा फोकस है। इस दौरान डीजीपी ने बताया कि 20 तारीख से ऑपरेशन प्रहार शुरू हुआ था। उन्होंने ऑपरेशन की अचीवमेंट्स भी गिनाई। उन्होंने बताया कि तरह-तरह की मिसइन्फॉर्मेशन फैलाई जा रही है। यह एक लीगल ऑपरेशन है। किसी को भी बिना किसी कारण परेशान नहीं किया जा रहा है। इस ऑपरेशन में केवल वांटेड क्रिमिनल्स पर फोकस किया जा रहा है।

### ऑफ-टैक सेल बनाकर एक्शन

डीजीपी ने बताया कि जो भी लोग गैंगस्टरों की किसी भी रूप में मदद करते हैं, वे पुलिस के रडार पर हैं। हम उन्हें इंटेलिजेंस तरीके से ट्रैक करते हैं और उसके बाद लीगल कार्रवाई करते हैं। हमने एक ऑफ-टैक सेल बनाया है, जो आईजी स्तर के अधिकारी के अधीन काम करता है। इसके माध्यम से भारत सरकार और विदेशी सरकारों से संपर्क किया जाएगा। साथ ही जो क्रिमिनल बाहर बैठे हैं, उन्हें यहां लाया जाएगा।

# यूजीसी विवाद: शिक्षाविद अनिल भारती ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा सुरक्षा कवच का प्रस्ताव

पटियाला/यूटर्न/30 जनवरी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेगुलेशंस-2026 को लेकर



देशव्यापी विरोध और माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिकाओं के बीच, पटियाला के प्रबुद्ध लेखक एवं शिक्षा शास्त्री अनिल कुमार भारती ने इस जटिल समस्या का एक ठोस संवैधानिक समाधान प्रस्तुत किया है। सनातन धर्म संस्कृत इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल से सेवानिवृत्त भारती, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हिंदी पर्याय कुशाग्र बुद्धिमत्ता के प्रणेता के रूप में भी पहचाना जाता है, ने देश के पाँचों शीर्ष महानुभावों को अलग-अलग पत्र भेजकर नियमों में बुनियादी सुधार की मांग की है। भारती ने भारत सरकार के शीर्ष नेतृत्व द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति, सी.पी. राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति, नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री, अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री एवं धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अलग-अलग पत्र भेजकर इस समस्या का समाधान भेजा है। साथ ही उन्होंने कहा है कि यदि इस समाधान के अनुसार केंद्र सरकार उपयुक्त निर्णय लेती है, तो उपरोक्त अनुसार संशोधित यूजीसी नियम समाज के सभी वर्गों और सभी जातियों से संबंधित सभी कॉलेजों और सभी यूनिवर्सिटियों के विद्यार्थियों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए एक 'सुरक्षा कवच' का रूप ले लेगा।

Happy Birthday



Pushp Vashisht

# जीवन की हर खुशी व सुख को प्राप्त करने के लिए करें मां बगलामुखी की अराधना - भारत भूषण आशू



EX MINISTER BHARAT BHUSHAN ASHU JI



ISHWAR JOT SINGH CHEEMA JI



Invited Dr. Ramandeep Ahluwalia, Civil Surgeon Ludhiana for Aakhand Mahayagya.

लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण जी के सानिध्य में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू ने कहा कि जीवन की हर खुशी व सुख को प्राप्त करने के लिए मां बगलामुखी की अराधना फलदायक होती है वही मां बगलामुखी के दर्शन मात्र से सभी दुख दूर होते हैं। उन्होने कहा कि उनका



Invited Sh Jagjit Singh Grewal owner Sunview enclave Ludhiana for Aakhand Mahayagya.

सौभाग्य है कि उन्हे प्रति वर्ष अखंड महायज्ञ में परिवार सहित सम्मिलित होने का सुअवसर मिलता है। इसके अतिरिक्त महंत प्रवीण जी व धाम के मुख्य सेवक मनजीत छतवाल, सेवक नमनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह ने सिविस सर्जन डा रमनदीप आहलूवालिया, कांग्रेस विधानसभा दक्षिणी के इंचार्ज ईश्वरजोत चीमा, सनव्यू एन्क्लेव के डायरैक्टर जगजीत सिंह ग्रेवाल सहित गणमान्यों को अखंड महायज्ञ का निमंत्रण भेंट किया।

अखंड महायज्ञ की जानकारी देते हुए महंत प्रवीण जी ने कहा कि 11 फरवरी 2026 से अखंड महायज्ञ शुभारंभ होगा। वही अखंड महायज्ञ की पूर्णाहुति 21 फरवरी को डाली जाएगी। देशभर से मां बगलामुखी धाम पधारे आदरनीय संत प्रवचनों से ज्ञान की गंगा बहाएंगे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Locus Standi: केस करने का अधिकार किसे होता है?

अक्सर अदालत में यह सवाल सबसे पहले उठता है—'क्या याचिकाकर्ता को यह मामला उठाने का अधिकार है?' इस अधिकार को कानूनी भाषा में Locus Standi कहा जाता है। इसका सीधा अर्थ है—किसी व्यक्ति का अदालत के सामने खड़े होकर मामला रखने का वैधानिक अधिकार।

कानून यह नहीं मानता कि हर व्यक्ति हर मुद्दे पर केस कर सकता है। आम तौर पर वही व्यक्ति अदालत जा सकता है, जिसका उस विवाद से सीधा और वास्तविक संबंध हो—जिसे नुकसान हुआ हो, जिसके अधिकार प्रभावित हुए हों, या जिसकी कानूनी स्थिति पर प्रभाव पड़ा हो। यदि यह संबंध स्पष्ट नहीं है, तो अदालत मामला आगे बढ़ाने से मना भी कर सकती है।

Locus Standi का उद्देश्य मुकदमेबाजी को नियंत्रित रखना है। अगर हर व्यक्ति दूसरों के निजी विवादों पर केस करने लगे, तो न्यायिक प्रक्रिया अव्यवस्थित हो जाएगी। इसलिए अदालत पहले यह देखती है कि याचिका लाने वाला व्यक्ति सही मंच पर सही कारण से आया है या नहीं।

हालाँकि कुछ विशेष मामलों में कानून ने इस नियम को लचीला बनाया है। सार्वजनिक हित से जुड़े मामलों में, जहाँ किसी वर्ग के अधिकार प्रभावित हो रहे हों, वहाँ व्यक्ति सीधे प्रभावित न होते हुए भी मामला उठा सकता है। लेकिन यह अपवाद है, सामान्य नियम नहीं।

इसलिए कई बार अच्छे मुद्दे भी केवल इसलिए आगे नहीं बढ़ पाते, क्योंकि उन्हें उठाने वाला व्यक्ति कानूनी रूप से उपयुक्त नहीं माना जाता। सही व्यक्ति, सही मंच और सही कारण—तीनों का होना जरूरी है।

निष्कर्ष: Locus Standi न्यायिक प्रक्रिया की पहली सीढ़ी है। मामला कितना भी गंभीर क्यों न हो, अगर उसे उठाने का अधिकार सही व्यक्ति के पास नहीं है, तो अदालत आगे नहीं बढ़ेगी। कानून में न्याय पाने से पहले यह तय होना जरूरी है कि उसे माँग कौन सकता है।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल



## मूरख संग न कीजिए, लोहा जलि न तराइ।

संत कबीर के इस दोहे में बहुत बड़ा रहस्य छुपा है। उनके अनुसार हमें कभी किसी मूर्ख का संग नहीं करना चाहिए, क्योंकि मूर्ख का दिमाग लोहे की तरह सख्त होता है और लोहे की नाव के सहारे कभी नदी पारनहीं की जा सकती। हमें कभी किसी नीरे मूर्ख या अधिक चतुर के संग दोस्ती नहीं करनी चाहिए क्योंकि मूर्ख अपनी मूर्खतापूर्ण और चतुर अपनी कुटिल क्रियाओं से स्वयं के लिए तो मुश्किल खड़ी करता ही है अपितु उसका संग करने वाला भी बिना मतलब की मुसीबत अपने लिए मोल ले लेता है। यह तो कुछ ऐसा होता है जैसे कि कोयले की दलाली करेंगे तो अपने भी हाथ काले ही होंगे। सीप के संग रह कर पानी की बूँद मोती बन जाती है वहीं कीचड़ में मिलकर पानी की बूँद कीचड़ ही बन जाती है। तो अगर हम अपने अस्तित्व को साफ सुथरा रखना चाहते है तो हमें अपने संग पर ध्यान रखना होगा और अगर हमें कभी किसी ऐसे नकारात्मक लोगों कामजबूरन संग करना भी पड़े तो स्वयं को कमल के फूल की तरह कीचड़ में खिलाते हुए ऐसे संग में भी साफ और पवित्र रखना चाहिए।

# आचार्य सम्राट पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज की पुण्य स्मृति दिवस पर जरूरतमंदों को वितरित किया भोजन



लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। आचार्य सम्राट पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर न्यू यंग फाइव स्टार क्लब की ओर से दीवान टोडर मल जी रसोई, गांधी नगर में विशाल भोजन वितरण सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुण्य कार्य में दीवान टोडर मल जी रसोई तथा उनके प्रधान प्रबंधक प्रवीण डंग का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, क्लब के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और मानव सेवा के इस कार्य में अपना योगदान दिया। क्लब के प्रधान राजेश जैन बॉबी ने कहा कि पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज का संपूर्ण जीवन त्याग, तप और मानव कल्याण को समर्पित रहा। उनकी पुण्य स्मृति में भोजन वितरण जैसे सेवा कार्य करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर संजय जैन शरमन ओसवाल, राजेश जैन बॉबी, एडवोकेट संदीप बेदी, सोनू रहेलिया, रवि कांत भल्ला आदि उपस्थित रहे।

## आरकॉम बैंक फ्रॉड केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व डायरेक्टर पुनीत गर्ग गिरफ्तार

नई दिल्ली, यूटर्न, 30 जनवरी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल टास्क फोर्स ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) से जुड़े एक बड़े बैंक फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कंपनी के पूर्व डायरेक्टर पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पीएमएलए-2002 के तहत की गई है। ईडी के अनुसार, यह मामला आरकॉम और उसकी ग्रुप एंटिटीज द्वारा 40,000 करोड़ रुपए से अधिक के कथित बैंक फ्रॉड और उससे जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से संबंधित है। यह जांच 21 अगस्त 2025 को दर्ज सीबीआई की एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी।

# तीन लोगों की मौत के मामले में ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 30 जनवरी। पीआर-7 एयरपोर्ट रोड पर वीरवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के मामले में जीरकपुर थाना पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को मृतकों के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तीनों की मौत का कारण सिर में गंभीर चोट (हेड इंजरी) बताया गया है।

मृतकों की पहचान अमरीक सिंह (68), बलबीर सिंह (70) और हरजीत सिंह (37) के रूप में हुई है। तीनों का पोस्टमार्टम डेराबस्सी के सिविल अस्पताल में करवाया गया।

परिजनों के अनुसार, 23 जनवरी को हरविंदर सिंह अपनी पत्नी गगनदीप कौर और तीन वर्षीय बेटे वीरजोर सिंह के साथ अमेरिका

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी से मौत की पुष्टि**

से भारत आए थे। 29 जनवरी को अमरीक सिंह, उनके बड़े भाई बलबीर सिंह, बेटे हरजीत सिंह व हरविंदर सिंह, उनकी पत्नियां गगनदीप कौर व हरप्रीत कौर और बच्चे अभिरूप कौर व वीरजोर सिंह फॉर्च्यूनर गाड़ी में डेराबस्सी के गांव जौला कलां में रिश्तेदारी में आए थे।

दोपहर करीब सवा दो बजे सभी डेराबस्सी से बस्सी पठाना की ओर रवाना हुए। फॉर्च्यूनर गाड़ी हरजीत सिंह चला रहा था, जबकि अगली सीट पर उनके ताया बलबीर सिंह बैठे थे। जब गाड़ी पीआर-7 रोड पर काका ढाबे के सामने पहुंची तो अचानक एक ऑटो को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े ट्राले से जा टकराई।

हादसे में अमरीक सिंह, बलबीर सिंह और हरजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एनआरआई हरविंदर सिंह, उनकी पत्नी गगनदीप कौर, भाभी हरप्रीत कौर और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ ले जाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें चंडीगढ़ के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है और डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**ट्राला चालक गिरफ्तार, वाहन कब्जे में**

जीरकपुर थाना पुलिस ने इस मामले में ट्राला चालक शंटू कुमार सिंह निवासी गांव इकतारा, जिला छतरा (झारखंड) के खिलाफ बीएनएस की धारा 285, 324(4) और 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का ट्राला भी कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच जारी है।

# कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की अचानक तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में कराया भर्ती,सेहत में सुधार

मोहाली/यूटर्न/30 जनवरी। पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (उउव) में निगरानी में रखा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर बनाए हुए है। जिसके चलते शुक्रवार को उन्हें रुम में शिफ्ट कर दिया गया। बताया जा रहा है कि वीरवार की रात में डिनर के बाद सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल दाखिल कराया गया।



## ज्यादा काम करने से बिगड़ी सेहत

अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, ज्यादा मेहनत करने की वजह से उनकी तबीयत बिगड़ी है। सभी मेडिकल पैरामीटर नॉर्मल पाए गए। उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है और वे 24 घंटे तक निगरानी में रहेंगे। वहीं अस्पताल दाखिल होने के बावजूद मंत्री अरोड़ा वहीं से अपने संबंधित विभागों का कामकाज देखते हुए नजर आए।

# लक्जमबर्ग वर्क वीजा के नाम पर फ्रॉड के मामले में पति-पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

पंचकूला, यूटर्न, 30 जनवरी। विदेश भेजने के नाम पर युवाओं से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ पंचकूला पुलिस की एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक पति-पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को चंडीगढ़ सेक्टर-17 में कार्यालय संचालित करने वाला विदेश भेजने का एजेंट बताकर लोगों को यूरोप भेजने का झांसा देते थे। मूल रूप से हिमाचल प्रदेश व हाल में पंचकूला में रह रहे शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक व्यक्ति के संपर्क में आया, जिसने खुद को चंडीगढ़ सेक्टर-17 स्थित कार्यालय वाला विदेश भेजने का एजेंट बताया। 30 अगस्त 2024 को उसे दस्तावेजों के साथ चंडीगढ़ बुलाया गया, जहां यूरोप के लक्जमबर्ग देश में वर्क वीजा दिलाने के नाम पर उससे 1 लाख 55 हजार रुपये एडवांस के रूप में ले लिए गए। काफी समय बीत जाने के बावजूद न तो उसे विदेश भेजा गया और न ही उसकी रकम लौटाई गई।



शिकायत के आधार पर थाना चंडीमंदिर में 23 जुलाई 2025 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4) व इमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट, पंचकूला को जांच सौंपी गई। एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट इन्चार्ज इंस्पेक्टर योगविंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए पहले आरोपी भतेह सिंह, निवासी जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश), हाल किरायेदार मोहाली को 22 जनवरी को गिरफ्तार किया।

आरोपी को 23 जनवरी को अदालत में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने हिस्से में आई 50 हजार रुपये की ठगी की राशि बरामद करवाई तथा अन्य आरोपियों की भूमिका के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपी को 26 जनवरी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के अनुसार, जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम ने 29 जनवरी को इस मामले में अन्य दो आरोपियों अनुभव गर्ग, निवासी संगरूर (पंजाब) तथा उसकी पत्नी आकांक्षा को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ चंडीगढ़ में विदेश भेजने के नाम पर ठगी के कुल 15 मामले पहले से दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को 29 जनवरी को ही अदालत में पेश कर 2 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस द्वारा उनके हिस्से में आई ठगी की रकम बरामद करने के साथ-साथ अन्य पीड़ितों और नेटवर्क से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आम नागरिक किसी भी एजेंट को पैसे देने से पहले उसकी वैधता, लाइसेंस और कार्यालय की पूरी जांच अवश्य करें। केवल अधिकृत और सरकारी रूप से पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से ही विदेश जाने की प्रक्रिया अपनाएं।

# चंडीगढ़ में 12 साल के बच्चे से कुकर्म नेपाली गिगरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 जनवरी। चंडीगढ़ में 12 साल के बच्चे के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राजवीर बहादुर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है और मजदूरी का काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित बच्चे के माता-पिता ने बताया कि उनका बच्चा घर पर रोता हुआ आया था। जब उससे रोने का कारण पूछा गया तो वह काफी डरा हुआ था। काफी समझाने के बाद बच्चे ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ अपने घर ले गया, जहां उसके साथ गलत काम किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही पीड़ित के माता-पिता ने पुलिस स्टेशन सेक्टर-3 में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत केस दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी की तलाश की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी राजवीर बहादुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले बच्चे को बुलाने से ही इनकार किया और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। हालांकि, सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी टूट गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने घर बुलाया और वहां उसके साथ गलत काम किया।

# जीरकपुर में स्कूल की शिक्षिका से झपटमारी, पर्स छीनकर फरार हुआ बाइक सवार

जीरकपुर, यूटर्न, 30 जनवरी। शहर में झपटमारों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला हाइलैंड मार्ग स्थित रिवरडेल अपार्टमेंट्स के पास से सामने आया है, जहां एक अज्ञात बाइक सवार ने केंद्रीय विद्यालय की एक शिक्षिका से पर्स झपट लिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़िता की पहचान वीना कटनोरिया के रूप में हुई है, जो रिवरडेल अपार्टमेंट्स की निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, वीना कटनोरिया वीरवार शाम करीब 4:30 बजे स्कूल से ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रही थीं। जैसे ही वह अपने अपार्टमेंट के नजदीक पहुंचीं, तभी बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल पर सवार युवक ने अचानक उनका पर्स झपट लिया और तेज रफ्तार में फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पर्स में एक महंगा मोबाइल फोन और नकदी मौजूद थी। घटना के तुरंत बाद पीड़िता के बेटे ने मोबाइल फोन को ट्रैक किया, जिसकी लोकेशन लोटस ग्रीन सक्षम सोसाइटी के सामने मिली। सूचना मिलने पर रिवरडेल अपार्टमेंट्स के प्रधान ललित भारद्वाज टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी मोबाइल फोन बंद कर फरार हो चुका था।

# श्री शारदा माता मंदिर में माघ मास कथा का भव्य समापन

डेराबस्सी, यूटर्न, 30 जनवरी। शहर स्थित श्री शारदा माता मंदिर में माघ मास की कथा का आज श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समापन हुआ। यह धार्मिक आयोजन श्री शारदा माता परिवार 7249 महिला मंडली द्वारा बड़े धूमधाम से संपन्न कराया गया।

मंदिर के प्रधान श्री राकेश अचिंत ने बताया कि कथा के दौरान विशेष रूप से सपना मेहता, सुनीता कौशिक, सपना गोयल तथा मंदिर संकीर्तन मंडली द्वारा भगवान का गुणगान अत्यंत श्रद्धा



भाव से किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कथा समापन के उपरांत श्री शारदा माता परिवार की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सनातन धर्म से जुड़ी विभिन्न कीर्तन मंडलियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्य राकेश मेहता, तुषार कौशिक, अमरीश भल्ला, रजनीश शर्मा, सुमित वर्मा, संदीप भटनागर, दीपक मग्गो, भुवन कौशिक, कुनाल कौशिक, भुवनेश चौहान, प्रकाश कुमार और जतिन धीमान सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लुधियाना पुलिस पर युवक को थर्ड डिग्री टार्चर करने के आरोप, लगाया धरना, 4 मुलाजिमों सहित 7 पर मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। लुधियाना में एक युवक ने पुलिस पर थर्ड डिग्री टार्चर करने का आरोप लगाया। आरोप है की पुलिस ने युवक के साथ इतनी बुरी तरह से मारपीट की के उसके हाथों के नाखून तक उखाड़ डाले। उसकी पीठ पर बेल्टों के निशान है। युवक की इतनी बुरी तरह से मारपीट की गई के वह चल भी नहीं पा रहा है। इस मामले में विरोध करते हुए युवक के रिशेतदारों और सीख जथेबंधियों ने भारत नगर चौक जाम कर दिया है। जिसके चलते दो किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। करीब पांच घंटे तक यह प्रदर्शन जारी रहा। जिसके बाद मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन खत्म कराया। इस केस में सीनियर अधिकारियों के दखल के बाद थाना डिवीजन नंबर 8 की पुलिस ने चार मुलाजिमों और गांधी नगर निवासी राजीव गुप्ता और बिंद्राबन रोड निवासी अजय शर्मा तथा उनके साथी खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


भारत नगर चौक जाम कर धरना देते हुए पीड़ित पक्ष के लोग


पीड़ित युवक रणजोध सिंह


युवक के हाथ का उखाड़ा नाखून

## मामूली टक्कर के बाद की मारपीट

26 जनवरी को ड्राइवर रणजोध सिंह की गाड़ी किसी व्यक्ति की कार से टकरा गई। उक्त कार चालक की पुलिस कर्मियों से अच्छी पहचान थी। इस कारण पुलिस कर्मियों ने टैक्सी ड्राइवर रणजोध को पकड़ लिया। उसके साथ काफी मारपीट की। ड्राइवर को सर्दी में बैठाकर रखा। उसके बाद उसे बुरी तरह से पीटा। यहां तक कि उसकी कार पर संतों की फोटो लगी होने पर अपशब्द बोले गए।

# इंडिया-ईयू एफटीए : एफटीए 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को वैश्विक मंच तक ले जाने का यूनिक प्लेटफार्म

## भारत के मैन्युफैक्चरिंग भविष्य की नींव, एक्सपोर्ट और रोजगार में नए युग की शुरूआत

नई दिल्ली/लुधियाना, यूटर्न, 30 जनवरी। भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं, बल्कि भारत के औद्योगिक भविष्य की मजबूत नींव माना जा रहा है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि इसके लागू होते ही करीब 90 प्रतिशत भारतीय शिपमेंट को यूरोपीय बाजार में ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी,जिससे देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के नए दौर में प्रवेश करेगा। यह एफटीए 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को वैश्विक मंच तक ले जाने की क्षमता रखता है। इससे भारत सिर्फ सप्लायर नहीं, बल्कि यूरोप के लिए भरोसेमंद मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर के रूप में उभरेगा।

### भारतीय उद्योग को मिलेगा स्ट्रैटेजिक एडवांटेज : ठुकराल



बहादुर के प्रधान किंट्टी ठुकराल ने कहा कि इंडिया-ईयू एफटीए भारत को स्ट्रैटेजिक ट्रेड एडवांटेज देगा। लेबर कॉस्ट और स्किल्ड मैनपावर की उपलब्धता भारतीय उत्पादों को यूरोप में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी और मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी का विस्तार होगा।

### MSME बनेंगे ग्लोबल सप्लाई-चेन का हिस्सा : लक्की



यूसीपीएमए के प्रधान हरसिमरजीत सिंह लक्की अनुसार एफटीए से छोटे उद्योग पहली बार बड़े पैमाने पर यूरोपीय सप्लाई-चेन का हिस्सा बन सकेंगे। ड्यूटी और कंप्लायंस बोझ कम होने से टेक्सटाइल, गारमेंट्स, लेदर, स्पोर्ट्स गुड्स, ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, हैंड टूल्स और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में नई ऑर्डर बुक तैयार होंगी।

### रोजगार और स्किल डेवलपमेंट को मिलेगा बल : दर्शन डाबर



निटवियर क्लब के प्रधान दर्शन डाबर ने कहा कि यह समझौता लेबर-इंटेंसिव इंडस्ट्री के लिए विजनरी स्टेप है। टेक्सटाइल और स्पोर्ट्स गुड्स जैसे क्षेत्रों में बड़े स्तर पर रोजगार पैदा होंगे, साथ ही स्किल डेवलपमेंट और वर्कफोर्स अपग्रेडेशन को भी नई दिशा मिलेगी।

### पंजाब बनेगा एक्सपोर्ट ग्रोथ का हब : कपूर



यूसीपीएमए के महासचिव वरुण कपूर ने कहा कि एफटीए से पंजाब जैसे औद्योगिक राज्यों को यूरोपियन बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी। इससे ऑटो कंपोनेंट्स, साइकिल, हैंड टूल्स और फूड प्रोसेसिंग में केवल डिमांड नहीं बढ़ेगी, बल्कि मजबूत सप्लाई-चेन इकोसिस्टम भी विकसित होगा। टेक्नोलॉजी कोलैबोरेशन और लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट से इंडस्ट्री का स्वरूप बदलेगा।



**इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की ओर शिफ्ट...**जीतो के पूर्व प्रधान राजीव जैन ने कहा कि एफटीए भारत को क्वालिटी, टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी के नए युग में ले जाएगा। यूरोपीय कंपनियों के साथ साझेदारी से टरटए से लेकर बड़े उद्योग तक इंटरनेशनल स्टैंडर्ड पर काम करने लगेंगे। इससे भारतीय ब्रांड्स की ग्लोबल पहचान मजबूत होगी।

**टेक्सटाइल में वैश्विक नेतृत्व का सपना : सूबा हरभजन सिंह...**ओस्टर समूह के सूबा हरभजन सिंह ने कहा कि इंडिया-ईयू एफटीए भारत को सिर्फ एक्सपोर्टर नहीं बल्कि ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग लीडर बनाने की क्षमता रखता है। खासकर टेक्सटाइल सेक्टर में यह समझौता नई क्रांति की शुरूआत करेगा और भारत को विश्व बाजार में अग्रणी स्थान दिलाएगा। उद्योग जगत का मानना है कि इंडिया-ईयू एफटीए भारत के लिए शॉर्ट टर्म फायदा नहीं, बल्कि लॉन्ग टर्म विजन है। यह समझौता मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट, रोजगार और टेक्नोलॉजी को एक साथ आगे बढ़ाकर भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम साबित हो सकता है।



# लुधियाना वेरका मिल्क प्लांट में यूनियन इंचार्ज ने खुर्द बुर्द कर डाले 8.62 लाख रुपए, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। फिरोजपुर रोड स्थित वेरका मिल्क प्लांट में पहले कई बार करोड़ों रुपए के घोटाले होने के मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें निचले सत्र के अधिकारियों से लेकर उच्च सत्र के अधिकारी शामिल पाए गए। अब एक नया मामला सामने आया है। जिसमें यूनियन के इंचार्ज ने कैश को अकाउंट्स विभाग में जमा कराने की जगह अपनी जेब में डाल लिया। जब जांच हुई तो पता चला कि यूनियन इंचार्ज द्वारा 8.62 लाख रुपए की ठगी मार ली गई है। थाना सराभा नगर पुलिस ने जनरल मैनेजर की शिकायत पर आरोपी राजिंदर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी राजिंदर सिंह, लुधियाना मिल्क प्लांट में बतौर मिल्क बार इंचार्ज तैनात था। आरोपी राजिंदर सिंह के पास मिल्क बार से रोजाना होने वाली दूध और डेयरी उत्पादों की बिक्री का कैश संभालने की जिम्मेदारी थी। उसे नियमानुसार यह राशि रोजाना लेखा शाखा में जमा करवानी होती थी। लेकिन उसने उक्त कैश में से 8 लाख 62 हजार रुपए निकालकर हेरफेर कर डाला। जब कैश की जांच हुई तो इसका खुलासा हुआ।




# लुधियाना में बीजेपी युवा मोर्चा के नए अध्यक्ष बने असीम कक्कड़



लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। लुधियाना जिला रूरल के बीजेपी युवा मोर्चा रूरल के नए अध्यक्ष के रूप में असीम कक्कड़ को चुना गया। गगनदीप सन्नी कैंथ की अध्यक्षता वाली इस मीटिंग में पार्टी के देहाती कार्यकताओं ने भाग लिया। असीम कक्कड़ की नियुक्ति को पार्टी के ग्रामीण स्तर पर मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह निर्णय जिला रूरल इकाई को नई ऊर्जा देगा सन्नी कैंथ लुधियाना जिला देहाती के प्रमुख नेता हैं, जिन्हें पहले भी विभिन्न आयोजनों में सक्रिय देखा गया है। असीम कक्कड़ युवा मोर्चा के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखते हैं। यह नियुक्ति स्थानीय स्तर पर बीजेपी की रणनीति को मजबूत करेगी।

# सुपर 6 मुकाबले में लुधियाना किंग्स ने जीता मैच

लुधियाना/यूटर्न/30 जनवरी। जीआरडी अकेडमी हंबडा रोड में जैन एंड अग्रवाल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा करवाए जा रहे आर.जे.पी.एल लीग के सातवें संस्करण के सातवें दिन सुपर 6 के 3 मुकाबले 12-12 ओवर्स के रोमांचक मैच खेले गए। पहला मुकाबला लुधियाना किंग्स व गोयल नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लुधियाना किंग्स ने 6 विकेट खोकर 143 रन बनाए। जवाब में गोयल नाइट राइडर्स केवल 138 रन बना पाई। लुधियाना किंग्स ने मात्र 5 रन से मैच जीत लिया। दूसरा मैच मोमेंट्स स्टार्स व सुदर्शन टाइगर्स के मध्य हुआ। जिसमे मोमेंट्स स्टार ने 22 रन से जीत प्राप्त कर मैच आपने नाम किया। तीसरा व अंतिम मैच एन.के.इलेवन व विधाता वारियर्स के बीच हुआ। विधाता वारियर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 विकेट खोकर 136 रन बना मैच जीत लिया। इस अवसर पर मनमोहन जैन गप्पू, दिनेश गोयल, कैमी जैन, मुकुल मित्तल,संचित जैन,संचिता जैन, पुलकित जैन संभव जैन, नमित जैन,रचित जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।



# हार्वेस्ट इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा संजना को खेल जगत में वैश्विक पहचान, प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज अवार्ड से सम्मानित

राज बब्बर

जगराओं/यूटर्न/30 जनवरी। हार्वेस्ट इंटरनेशनल स्कूल की मेधावी छात्रा संजना ने नवंबर 2024 की कैम्ब्रिज परीक्षा में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करते हुए खेल और शारीरिक शिक्षा विषय में आउटस्टैंडिंग कैम्ब्रिज लर्नर अवार्ड (ओसीएलए) प्राप्त किया है। संजना को यह सम्मान हाई अचीवमेंट श्रेणी के तहत दिया गया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का वितरण समारोह शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 को बेंगलुरु के होटल क्लार्क्स एग्जॉटिका में आयोजित किया गया। चूंकि संजना व्यक्तिगत रूप से समारोह में शामिल नहीं हो सकीं, इसलिए उनकी ओर से कैंपस निदेशक संदीप सिंह ने यह सम्मान ग्रहण किया।



आउटस्टैंडिंग कैम्ब्रिज लर्नर अवार्ड्स दुनियाभर में कैम्ब्रिज परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दिए जाते हैं। विशेष रूप से आईजीसीएसई और ए लेवल के छात्रों के लिए यह एक वैश्विक सम्मान है। यह पुरस्कार उन छात्रों को मिलता है जो अपने विषयों में सर्वोच्च मानक अंक प्राप्त करते हैं। यह कैम्ब्रिज असेसमेंट इंटरनेशनल एजुकेशन की एक पहल है जो 40 से अधिक देशों में छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा को सम्मानित करती है। इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए स्कूल के कैंपस निदेशक संदीप सिंह ने कहा यह पुरस्कार उस उच्च स्तर की शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है जो हार्वेस्ट अपने छात्रों को प्रदान करता है। स्कूल के उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह (सेवानिवृत्त डीआईजीपी), कैंपस निदेशक संदीप सिंह तथा उप प्रधानाचार्या चेतना पटेल ने भी संजना, उनके माता-पिता और स्कूल के स्टाफ को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी।

# विधायक मानुके ने जगराओं रायकोट रोड चौंक से सिटी थाने तक 65 लाख की सड़क का शुरू कराया काम

जगराओं/यूटर्न/30 जनवरी। जगराओं हलका विधायक सरबजीत कौर मानुके ने शुक्रवार को जगराओं के रायकोट बस अड्डे से लेकर सिटी थाना तक की सड़क नए सिरे से बनाने का उद्घाटन नगर कौंसिल के अधिकारियों ओर काउंसलरों के साथ किया।

इस मौके इलाका निवासियों ने इस सड़क के बनने पर खुशी जताई और कहाकि इस रोड का बहुत बुरा हाल था और इस सड़क को बहुत पहले ही बनाने के लिए उन्होंने कई बार नगर कौंसिल को कहा था। लेकिन उनकी बात नहीं सुनी और अब विधायक मानुके के प्रयासों से यह सड़क जल्दी बनेगी।जिस के लिए वो हल्का विधायक बीबी मानुके ओर नगर कौंसिल के नए बने सीनियर मीत प्रधान कंवरपाल सिंह के शुक्रगुजार हैं।



इस मौके नगर कौंसिल के कार्य साधक ऑफिसर मोहित अरोड़ा, प्रोफेसर सुखविंदर सिंह, नगर कौंसिल के मीत प्रधान जगजीत सिंह जग्गी, काउंसलर सतीश कुमार पप्पू, पूर्व काउंसलर करमजीत कैंथ, रविंद्र कुमार सभरवाल, साजन मल्होत्रा, गुरप्रीत सिंह नोनी, हरप्रीत सिंह सग्गू, काउंसलर जरनैल सिंह लोहट विशेष रूप से हाजिर थे।

# कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना द्वारा सरकारी स्कूल गांव काकोवाल (जसपाल कॉलोनी) के पास से 01 नशा तस्कर गिरफ्तार, 60 ग्राम हेरोइन बरामद

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 30 जनवरी। माननीय श्री स्वपन शर्मा IPS/कमिश्नर पुलिस लुधियाना तथा श्री रुपिंदर सिंह IPS/अतिरिक्त कमिश्नर पुलिस, सिटी, लुधियाना जी के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब सरकार द्वारा चलाई गई विशेष मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना द्वारा गांव काकोवाल के सरकारी स्कूल के पास (जसपाल कॉलोनी) से 01 नशा तस्कर को 60 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री समीर वर्मा PPS/ADCP-1 तथा श्री किक्कर सिंह ढढर/अउढ उत्तरी लुधियाना जी ने बताया कि इंस्पेक्टर जसवीर सिंह, मुख्य अधिकारी थाना जोधेवाल लुधियाना के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा गश्त के दौरान आरोपी सुनील उर्फ टिंडा पुत्र विष्णु ठाकुर, निवासी मकान नंबर ई/5692, गली नंबर 2, गोल्डन विहार कॉलोनी, फामड़ा रोड, लुधियाना को सरकारी स्कूल गांव काकोवाल, जसपाल कॉलोनी, लुधियाना के बैकसाइड से काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से 60 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस पर आरोपी सुनील उर्फ टिंडा के खिलाफ थाना जोधेवाल, लुधियाना में मुकदमा नंबर 15 दिनांक 29-01-26 को धारा 21-बी/61/85 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी सुनील उर्फ टिंडा को माननीय अदालत में पेश किया गया, जहां से एक दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है तथा उससे आगे गहन पूछताछ की जा रही है।



## Happy Anniversary



Sandeep and Milli Gupta

# मरणोपरांत नेत्रदान से चार लोगों के जीवन में आई रोशनी

डेराबस्सी, यूटर्न, 30 जनवरी। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा 'अंधेरे से उजाले की ओर' अभियान के तहत दो महिलाओं के मरणोपरांत नेत्रदान से चार नेत्रहीन लोगों के जीवन में रोशनी लाई गई। परिषद के उपाध्यक्ष नितिन जिंदल ने बताया कि एटीएस निवासी 68 वर्षीय कमला रानी, पत्नी डॉ. बरखा राम तथा एटीएस निवासी 85 वर्षीय कृष्णा संगर के निधन के बाद उनकी आंखें दान करवाई गईं। दोनों मामलों में पीजीआई से आई डॉक्टरों की विशेष टीम ने पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि यह एक संयोग भी रहा कि दोनों महिलाएं एक ही टावर में रहती थीं, वे आपस में घनिष्ठ मित्र थीं और दोनों का निधन मात्र 10 मिनट के अंतराल में हुआ। कमला रानी के पति डॉ. बरखा राम डेराबस्सी के जाने-माने समाजसेवी हैं और वर्तमान में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष भी हैं। नितिन जिंदल ने जानकारी दी कि परिषद अब तक 11 लोगों का नेत्रदान करवा चुकी है, जिससे 22 नेत्रहीन व्यक्तियों को दृष्टि मिल सकी है। दोनों महिलाओं का अंतिम संस्कार शुक्रवार को राम बाग में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारी तथा शहरवासी उपस्थित रहे और दोनों दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# बापू का जीवन लाखों लोगों के लिए आशा का स्रोत है: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, यूटर्न, 30 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित गांधी स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में भाग लिया। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बापू का जीवन लाखों लोगों के लिए आशा का स्रोत है। प्रार्थना सभा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गांधी स्मृति की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि मैंने गांधी स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि बापू का जीवन लाखों लोगों के लिए आशा का स्रोत है। उनके प्रयासों ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा बदल दी और भारत की यात्रा पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिसका प्रभाव पीढ़ियों तक महसूस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके शाश्वत आदर्श हमारे राष्ट्र के मार्ग का मार्गदर्शन करते रहेंगे। हम उनके सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं और न्याय, सद्भाव और मानवता की सेवा पर आधारित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी को उनकी 78वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लराष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरा शत-शत नमन। पूज्य बापू का हमेशा स्वदेशी पर बल रहा, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का भी आधारस्तंभ है।

# हाशिये से जनादेश तक: बीजेपी कैसे पंजाब की अपनी रणनीति बदल रही

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 1 फरवरी को गुरु रविदास जयंती के मौके पर डेरा सचखंड बल्लां का दौरा राजनीतिक कैलेंडर में सिर्फ एक औपचारिक पड़ाव से कहीं ज्यादा है। यह भारतीय जनता पार्टी की पंजाब के राजनीतिक नक्शे को फिर से बनाने की लंबी कोशिश में एक सोच-समझकर उठाया गया कदम है, एक ऐसा राज्य जहां पार्टी पारंपरिक रूप से सत्ता के हाशिये पर रही है। डेरा बल्लां पंजाब के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में एक खास जगह रखता है।

रविदासिया समुदाय के आध्यात्मिक केंद्र के तौर पर, इसका प्रभाव दोआबा क्षेत्र और राज्य के बड़े वोटर्स तक फैला हुआ है, जो पंजाब की आबादी का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हैं। पंजाब में चुनावी तौर पर प्रासंगिक बनने की किसी भी गंभीर कोशिश को इस डेमोग्राफिक सच्चाई से जुड़ना होगा और बीजेपी ऐसा करने के लिए दृढ़ दिख रही है।



## मोदी का दौरा मजबूत संदेश

गुरु रविदास जयंती पर डेरा में मोदी की मौजूदगी एक मजबूत प्रतीकात्मक संदेश देती है कि बीजेपी सिर्फ एक राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर नहीं दिखना चाहती जो कभी-कभी पंजाब में आती है, बल्कि राज्य की सामाजिक और सांस्कृतिक बातचीत में एक हिस्सेदार के तौर पर दिखना चाहती है। इस दौरे का समय, प्रतीक और पैमाना समय-समय पर संपर्क से हटकर लगातार राजनीतिक निवेश की ओर बदलाव को दिखाता है।

## यह दौरा गवर्नेंस के संकेतों से भरा हुआ

यह दौरा गवर्नेंस के संकेतों से भी भरा हुआ है। आदमपुर एयरपोर्ट का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखना और अहम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन जैसी घोषणाएं विकास को पहचान की मान्यता के साथ मिलाती हैं। यह एक ऐसा राजनीतिक फॉमूर्ला है जिसे बीजेपी ने दूसरी जगहों पर सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया है। पंजाब में, जहां पिछली सरकारों द्वारा उपेक्षा की भावना गहरी है, ऐसे कदमों का महत्व प्रतीकात्मकता से कहीं ज्यादा है।

## बीजेपी ने डेरों और सिख समूह में बढ़ाई पहुंच

जो बात सबसे अलग है, वह यह है कि यह संपर्क कितना व्यवस्थित रहा है। पिछले कुछ सालों में, बीजेपी ने अपने पारंपरिक शहरी हिंदू आधार से आगे बढ़कर सिख समूहों, डेरों तक अपनी पहुंच बढ़ाई है। यह गठबंधन की राजनीति और सीमित निर्वाचन क्षेत्रों पर अपनी पिछली निर्भरता से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। डेरा बल्लां का दौरा इस विकसित हो रही रणनीति में पूरी तरह फिट बैठता है।

## इस कदम से विपक्षी पार्टियों परेशान

जैसा कि उम्मीद थी, इस कदम से विरोधी पार्टियां परेशान हो गई हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने अपनी पहुंच तेज कर दी है, जिससे यह साफ होता है कि वोटर कितना केंद्रीय हो गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान की गुरु रविदास की विरासत पर दावा करने की समानांतर कोशिशें बताती हैं कि पहचान और प्रतिनिधित्व को लेकर राजनीतिक मुकाबला और तेज हो रहा है।

## बीजेपी पर धर्म की राजनीति करने के आरोप

आलोचक बीजेपी पर धर्म का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हैं। समर्थकों का कहना है कि उपेक्षित हस्तियों और समुदायों को पहचान देना बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। सच शायद कहीं बीच में है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बीजेपी अब पंजाब में एक छोटी-मोटी ताकत बनकर खुश नहीं है। वह नए गठबंधन बना रही है, कहानियों को फिर से गढ़ रही है और ऐसे नैतिक दावे कर रही है जो कभी क्षेत्रीय पार्टियों के लिए खास थे।

**यह रणनीति चुनावी फायदा दिलाएगी या नहीं...**यह देखना बाकी है कि यह रणनीति चुनावी फायदा दिला पाती है या नहीं। पंजाब की राजनीतिक संस्कृति जटिल है, जो खेती से जुड़ी चिंताओं, संघीय तनाव और एक मजबूत क्षेत्रीय पहचान से बनी है। सिर्फ प्रतीकात्मक इशारे काफी नहीं होंगे। फिर भी, जब प्रतीकों को लगातार जुड़ाव और गवर्नेंस के साथ जोड़ा जाता है, तो वे ऐसे दरवाजे खोल सकते हैं जो पहले बंद थे। मोदी की डेरा बल्लां यात्रा शायद तुरंत पंजाब के चुनावी गणित को न बदले, लेकिन यह साफ तौर पर इरादे का संकेत देती है। बीजेपी एक लंबा खेल खेल रही है – जिसका मकसद तुरंत जीत हासिल करना नहीं है, बल्कि एक ऐसे राज्य में अपनी मौजूदगी को सामान्य बनाना है जो कभी हमेशा पहुंच से बाहर लगता था।

# साझा काव्य-संग्रह में जगह, साहित्यिक यात्रा की नई उपलब्धि

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 जनवरी। हिंदी साहित्य के समकालीन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय लेखक, कवि और सामाजिक चिंतक डॉ. जितेन्द्र सिंह की दो कविताएँ मुंबई से प्रकाशित साझा काव्य-संग्रह 'लोकप्रिय हिंदी कविताएँ' में शामिल की गई हैं। इस संग्रह में प्रकाशित उनकी कविताओं के शीर्षक हैं— 'बिना छत का आसमान' और 'पेड़ों की धीमी आवाजें'।

साहित्यिक हलकों में डॉ. जितेन्द्र सिंह की रचनात्मक पहचान एक ऐसे लेखक के रूप में रही है, जो कविता को केवल सौंदर्यबोध तक सीमित न रखकर उसे सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों से जोड़ते हैं। उनकी कविताएँ जीवन के यथार्थ, संघर्ष और संवेदना को



सहज भाषा और गहरे प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त करती हैं।

कविता 'बिना छत का आसमान' स्वतंत्रता, असुरक्षा और आम मनुष्य के संघर्षों की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति है। यह रचना उन परिस्थितियों की ओर संकेत करती है, जहाँ मनुष्य खुले आकाश के नीचे खड़ा होकर भी स्वयं को असहाय महसूस करता है। वहीं 'पेड़ों की धीमी आवाजें' प्रकृति के साथ मनुष्य के रिश्ते को रेखांकित करती है। यह

## डॉ. जितेन्द्र सिंह की दो कविताएँ 'लोकप्रिय हिंदी कविताएँ' में प्रकाशित

कविता मौन में छिपे संवाद, पर्यावरणीय संवेदना और जीवन के गहन अनुभवों को सामने लाती है।

मुंबई स्थित इंकलाब पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित इस साझा काव्य-संग्रह में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित रचनाकारों की कविताओं को स्थान दिया गया है।

इस संग्रह का उद्देश्य समकालीन हिंदी कविता की विविध धाराओं और स्वरूपों को एक मंच पर प्रस्तुत करना है। डॉ. जितेन्द्र सिंह की कविताओं का इस संकलन में चयन उनकी साहित्यिक परिपक्वता और सृजनात्मक दृष्टि की पुष्टि करता है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. जितेन्द्र सिंह की लेखनी लंबे समय से सामाजिक सुधार, मानवता और नैतिक मूल्यों के पक्ष में मुखर रही है। कविता के साथ-साथ उनके लेख और अन्य साहित्यिक कृतियाँ समाज के ज्वलंत प्रश्नों, मानवीय सरोकारों और समकालीन चुनौतियों पर केंद्रित रही हैं। इससे पूर्व भी उनकी कई पुस्तकें, काव्य-संग्रह और लेख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हो चुके हैं, जिन्हें पाठकों और साहित्यिक जगत से सराहना मिली है।

**आभार व्यक्त :** इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र सिंह ने इंकलाब पब्लिकेशन, मुंबई के प्रकाशक एवं संपादक मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस साझा काव्य-संग्रह को आकार देने वाले सभी सह-रचनाकारों और पाठकों का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि साहित्य तभी सार्थक होता है, जब वह समाज से जुड़कर संवाद स्थापित करे।

# पंजाब के शहरी निकायों में डिजिटल क्रांति, मंत्री अरोड़ा की समीक्षा बैठक

चंडीगढ़, यूटर्न, 29 जनवरी। पंजाब के स्थानीय निकाय, उद्योग एवं वाणिज्य तथा बिजली मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने आज नगर निगमों, शहरी विकास के एडीसी और इम्प्रूवमेंट ट्रस्टों के अधिकारियों के



साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर शहरी स्थानीय निकायों (ULB) के कार्यों का जायजा लिया। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि अब सभी विकास योजनाओं के प्रस्ताव पूरी तरह पेपरलेस तरीके से पारित किए जाएंगे। विभाग द्वारा विकसित ई-निगम सॉफ्टवेयर के जरिए सभी प्रस्ताव ऑनलाइन प्रोसेस होंगे और सक्षम अधिकारियों को 10 कार्यदिवस के भीतर निर्णय लेना अनिवार्य होगा। जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री ने एक माह के भीतर सभी ट्यूबवेलों पर टाइमर सेंसर लगाने और गर्मियों में खराब होने वाले पंपों के स्थान पर तुरंत बदलने के लिए पहले से पंप सेट खरीदने के निर्देश दिए। उन्होंने बरसात से पहले विशेष सीवरेज सफाई अभियान चलाने तथा रोजाना कचरा उठाने और साप्ताहिक डीप क्लीनिंग सुनिश्चित करने को कहा। इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की योजनाओं पर मंत्री ने निर्देश दिए कि पूर्ण योजनाएं नगर निकायों को सौंपकर शिकायत निवारण व्यवस्था मजबूत की जाए। उन्होंने खाली पड़ी सार्वजनिक संपत्तियों की पारदर्शी नीलामी, जब्त वाहनों को शहर से बाहर शिफ्ट करने और आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर बनाने के आदेश भी दिए। मंत्री अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार शहरी ढांचे को मजबूत कर नागरिक सेवाओं में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# विजिलेंस ब्यूरो द्वारा सीनियर मेडिकल ऑफिसर और सीनियर असिस्टेंट 32,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

नवीन गोगना

चंडीगढ़, युटर्न, 30 जनवरी। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही अपनी मुहिम के दौरान डॉ. हरकीरत गिल, एस.एम.ओ., और सतविंदर सिंह सीनियर असिस्टेंट को 32,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों आरोपी कम्युनिटी हेल्थ सेंटर सिद्धवां बेट, जिला लुधियाना में तैनात हैं। आज यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपियों को स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।



उन्होंने बताया कि सिद्धवां बेट के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में ऑडिट चल रहा था, जिसके संबंध में डॉ. हरकीरत गिल एस.एम.ओ. ने सतविंदर सिंह सीनियर असिस्टेंट कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, सिद्धवां बेट के माध्यम से सिद्धवां बेट सीएचसी में तैनात लगभग 50 कर्मचारियों से ऑडिट टीम को रिश्वत देने के नाम पर प्रति कर्मचारी 2500 से 6000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो ई.ओ.डब्ल्यू. लुधियाना की टीम ने जाल बिछाया और आरोपी सतविंदर सिंह, सीनियर असिस्टेंट को सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 32,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में डॉ. हरकीरत गिल एस.एम.ओ. सिद्धवां बेट को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस छापेमारी के दौरान, डॉ. हरकीरत गिल एस.एम.ओ. के पर्स से कुल 1,04,500 रुपये और आरोपी सतविंदर सिंह, सीनियर असिस्टेंट के पास से 1,07,000 रुपये की राशि बरामद की गई है। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना आर्थिक अपराध शाखा, लुधियाना, पंजाब में भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है और इसकी आगे की जांच जारी है।

# जिम लवर कांग्रेस नेता का निधन, साइलेंट अटैक आया, सांसद चन्नी के करीबी थे



जालंधर/यूटर्न/30 जनवरी। जालंधर में कांग्रेस नेता और जिम लवर मनोज मल्होत्रा (मनु वड़िंग) का निधन हो गया, वे 48 साल के थे। शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे उनको साइलेंट अटैक आया। परिवार उनको लेकर अस्पताल पहुंचा, लेकिन इससे पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मनु वड़िंग सांसद और पूर्व सीएम चरनजीत चन्नी के करीबी और कांग्रेस प्रदेश महासचिव थे। इसके अलावा राजनीति में सक्रिय होने के साथ ही रियल एस्टेट कारोबारी थे। वे अपनी फिटनेस को लेकर बहुत अवेयर रहते थे।निधन से एक दिन पहले ही उन्होंने सोशल मीडिया पर फिटनेस का वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो के जरिए युवाओं को फिटनेस के लिए मोटिवेट किया था। उधर, उनके निधन की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उनके घर जुटने शुरू हो गए। दीप नगर में दोपहर के समय उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**अचानक तबीयत बिगड़ी, अस्पताल ले जाने से पहले मौत...**पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मनु वड़िंग की सुबह 4 बजे के करीब अचानक तबीयत बिगड़ी। उनको सीने में तेज दर्द महसूस हो रहा था। उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी ही चल रही थी कि उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे से उनका परिवार और समर्थक गहरे सदमे में हैं। मनु वड़िंग के निधन पर शहर की विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संस्थाओं ने दुख प्रकट किया है।

# अमृतसर में एसजीपीसी ने 2 पुलिसकर्मी बंधक बनाए, गोल्डन टेंपल में बिना बताए रेड करने पर हुआ विवाद



अमृतसर/यूटर्न/30 जनवरी। अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में शुक्रवार को परिक्रमा कर रहे 2 युवकों को तरनतारन की सीआईए टीम ने हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) भड़क गई। एसजीपीसी की टास्क फोर्स ने 2 पुलिस कर्मचारियों को पकड़कर कमरा नंबर 50 में बंद कर दिया। एसजीपीसी के मुताबिक पुलिस ने कार्रवाई करने से पहले उन्हें सूचना नहीं दी। इसके विरोध में 2 पुलिस कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया। एसजीपीसी पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि श्री दरबार साहिब में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। यदि पुलिस को किसी व्यक्ति की तलाश हो या उसे गिरफ्तार करना हो, तो इसकी जानकारी पहले शिरोमणि कमेटी को देना जरूरी है। तरनतारन पुलिस ने न तो एसजीपीसी को भरोसे में लिया और न ही स्थानीय गलियारा चौकी को कोई सूचना दी।

## एसजीपीसी बोली- इस तरह ले जाने की अनुमति नहीं

सूत्रों के अनुसार, टास्क फोर्स द्वारा हिरासत में लिए गए दोनों पुलिस कर्मचारियों को तब तक न छोड़ने का फैसला लिया गया था, जब तक पुलिस विभाग के सीनियर अधिकारी इस पूरी कार्रवाई की स्पष्ट जानकारी नहीं देते। एसजीपीसी ने कहा कि वह कानून का सहयोग करती है। लेकिन बिना पूछताछ या पूर्व सूचना के पवित्र स्थल से किसी को भी इस तरह उठाकर ले जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## अधिकारियों के बात करने पर रिहा किए

इस घटना के बाद दरबार साहिब परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बन गई थी। पुलिस के सीनियर अधिकारियों ने एसजीपीसी के पदाधिकारियों से संपर्क साधा। जानकारी साझा करने के बाद पुलिस कर्मचारियों को छोड़ दिया गया, जिसके बाद वे अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी जोन के नवनिर्वाचित डायरेक्टर्स को दी बधाई



डेराबस्सी, यूटर्न, 30 जनवरी। डेराबस्सी क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने एसएएस नगर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के डेराबस्सी जोन से नवनिर्वाचित डायरेक्टर्स को बधाई दी है। उन्होंने लालरू जोन से रविंदर सिंह, डेराबस्सी जोन से जगप्रीत सिंह और जीरकपुर जोन से हजारा सिंह के चयन पर खुशी जताई।

विधायक रंधावा ने कहा कि नवनिर्वाचित डायरेक्टर्स की काबिलियत, अनुभव और दृढ़ संकल्प से स्थानीय कोऑपरेटिव बैंकिंग सिस्टम और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नया बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ बैंक की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ किसानों, व्यापारियों, उद्योगपतियों और आम उपभोक्ताओं को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव बैंकिंग सिस्टम को पारदर्शी, भरोसेमंद और आम लोगों के लिए सरल बनाना समय की जरूरत है, जिसमें नया बोर्ड अहम भूमिका निभाएगा। विधायक ने डेराबस्सी क्षेत्र की जनता की सार्वजनिक सेवा और सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना की।

इस अवसर पर समर्थकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल रहा तथा सभी ने नवनिर्वाचित डायरेक्टर्स को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# पी एम मोदी के आगमन कार्यक्रम को लेकर डेरा सच्चखंड बल्लां का बड़ा बयान

नवीन गोगना

जालंधर, युटर्न, 30 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा की तारीख को लेकर बना असमंजस अब खत्म हो गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 फरवरी को ही जालंधर पहुंचेंगे, जिसकी पुष्टि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कर दी है। इसी बीच, मोदी के पंजाब दौरे से पहले डेरा सच्चखंड बल्लां की ओर से भी बड़ा बयान सामने आया है। डेरा सच्चखंड बल्लां से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता अविनाश चंद्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम वही है, जो पहले तय किया गया था। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में बदलाव की खबर सामने आई थी, लेकिन इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। अविनाश चंद्र ने स्पष्ट किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय से जानकारी हासिल की है, जिसके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 फरवरी को जालंधर आएंगे और डेरा सच्चखंड बल्लां में नतमस्तक होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ें। 1 फरवरी को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं।



# न्यूजीलैंड वर्क वीजा के नाम पर 9 लाख के फ्रॉड का पदार्फाश, फर्जी जॉब लेटर और टिकट दिखाकर रचा गया जाल, चार पुराने मामलों वाला शातिर एजेंट गिरफ्तार

अजीत झा

पंचकूला, यूटर्न, 30 जनवरी। पंचकूला में विदेश भेजने के नाम पर की जा रही ठगी के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए पंचकूला पुलिस ने एक शातिर फर्जी इमिग्रेशन एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने न्यूजीलैंड में वर्क वीजा दिलाने का झांसा देकर एक पंचकूला निवासी से करीब 9 लाख रुपये की ठगी की थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है।

पंचकूला वासी शिकायतकर्ता ने पुलिस उपायुक्त कार्यालय में दी गई शिकायत में बताया कि उसे किसी जानकार के माध्यम से मनदीप नामक व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली, जिसने खुद को न्यूजीलैंड वर्क वीजा का एजेंट बताया था। जून 2023 में दोनों की मुलाकात हुई, जिसके बाद आरोपी ने विश्वास में लेकर पीड़ित से जरूरी दस्तावेज हासिल कर लिए। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग प्रक्रियाओं और फीस का हवाला देकर विभिन्न समय पर पीड़ित से कुल 9 लाख रुपये वसूल लिए। पीड़ित का भरोसा जीतने के





लिए आरोपी ने उसे फर्जी जॉब लेटर और फर्जी हवाई टिकट भी दिखाए। लंबे समय तक झूठे आश्वासन देता रहा, लेकिन जब पीड़ित ने विदेश भेजने या पैसे लौटाने की बात कही तो आरोपी ने साफ मना कर दिया और संपर्क भी कम कर दिया। आरोपी ने अपना कार्यालय सेक्टर-17 सी, चंडीगढ़ में खोल रखा था, जिससे लोगों को उस पर भरोसा हो सके।

शिकायत के आधार पर थाना चंडीमंदिर में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420, 120-बी तथा इमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट के इन्चार्ज योगविन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मनदीप सिंह निवासी लुधियाना, पंजाब (हाल किरायेदार मोहाली, पंजाब) को 27 जनवरी को गिरफ्तार किया।

आरोपी को 28 जनवरी को माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड अवधि के दौरान की गई गहन पूछताछ में फिलहाल किसी अन्य आरोपी की संलिप्तता सामने नहीं आई है। रिमांड समाप्त होने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता का बयान

आरोपी मनदीप सिंह एक आदतन आरोपी है, जिसके खिलाफ पहले से ही पंचकूला व पंजाब में न्यूजीलैंड और कनाडा में वर्क वीजा दिलाने के नाम पर कुल चार मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले ऐसे फर्जी एजेंट युवाओं के सपनों से खेलते हैं और आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि विदेश जाने की इच्छा रखने वाले लोग केवल अधिकृत और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंटों से ही संपर्क करें। किसी भी व्यक्ति को बिना पुख्ता दस्तावेज, लिखित अनुबंध और सरकारी सत्यापन के पैसे न दें। यदि किसी को ठगी या संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। शिवास कविराज, एडीजीपी (पुलिस आयुक्त पंचकूला एवं अध्यक्ष अवैध प्रवास मामले, हरियाणा) ने कहा विदेश अवसरों के नाम पर युवाओं को ठगने वाले नेटवर्क के खिलाफ पंचकूला पुलिस की नीति बिल्कुल स्पष्ट है। ऐसे अपराधी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। युवाओं की मेहनत की कमाई और उनके भविष्य की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसी प्रतिबद्धता के साथ ऐसे गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बुढ़नपुर में अवैध दोमुही चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, पहले से दर्ज हैं 4 आपराधिक मामले



पंचकूला, यूटर्न, 30 जनवरी। पंचकूला में अपराध और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को एक और सफलता हाथ लगी है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि बुढ़नपुर क्षेत्र में एक युवक अवैध हथियार के साथ मौजूद है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 के इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक अवैध दोमुही चाकू बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी उक्त हथियार का कोई वैध लाइसेंस या अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस जांच में आरोपी की पहचान तोताराम निवासी मौलीजागरा, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सैक्टर-14 पंचकूला में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है और उसके खिलाफ पंचकूला व चंडीगढ़ में पहले से ही लड़ाई-झगड़े के कुल चार मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने साफ किया है कि पंचकूला पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखे हुए है और आमजन की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# खरड़ विधानसभा यूथ कांग्रेस चुनाव में हलचल: सिमरनदीप सिंह उर्फ सिमरन सिद्धू ने अध्यक्ष पद के लिए किया ऐलान

खरड़, यूटर्न, 30 जनवरी। खरड़ विधानसभा के यूथ कांग्रेस संगठन में आगामी चुनावों को लेकर उत्साह और हलचल का माहौल बन गया है। इस कड़ी में सिमरनदीप सिंह उर्फ सिमरन सिद्धू ने अध्यक्ष (प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट) पद के लिए अपनी उम्मीदवारी का ऐलान किया। उनकी इस दावेदारी ने स्थानीय यूथ कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों के बीच जोश की लहर दौड़ा दी है।



## युवाओं से अपील: 'एकजुट होकर दें समर्थन'

सिमरन सिद्धू ने अपने बयान में कहा मेरा लक्ष्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना, युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाना और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना है। अध्यक्ष चुने जाने पर मैं युवाओं के रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय जैसे अहम मुद्दों को प्राथमिकता दूंगा और संगठन को सक्रिय और प्रभावी बनाऊंगा।उनका यह संदेश यूथ कांग्रेस के सभी कार्यकताओं और समर्थकों के लिए एक प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है।

**कार्यकताओं में उत्साह और जोश...**सिमरन सिद्धू की उम्मीदवारी को लेकर यूथ कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह और ऊर्जा देखी जा रही है। समर्थकों का कहना है कि उनके नेतृत्व और संगठनात्मक अनुभव से खरड़ विधानसभा में यूथ कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। सिमरन सिद्धू का दृष्टिकोण और सक्रियता युवाओं के लिए उदाहरण है। यदि वे अध्यक्ष बने तो संगठन और जनता दोनों को इसका फायदा मिलेगा।

## चुनावी नारा और जनता को भरोसा

सिमरन सिंह ने अपना चुनावी नारा साझा किया "VOTE & SUPPORT"

साथ ही उन्होंने कहा यदि मैं अध्यक्ष चुना जाता हूँ तो खरड़ की स्थानीय और निजी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द कराऊँगा। जनता मेरे विश्वास पर भरोसा रखे, और मैं खड़ा उतरूंगा।उनका यह भरोसा कार्यकताओं के बीच उम्मीद और उत्साह की नई लहर पैदा कर रहा है।

## स्टूडेंट पॉलिटिक्स में सात साल का अनुभव

सिमरन सिद्धू पिछले 7 वर्षों से स्टूडेंट पॉलिटिक्स में सक्रिय हैं। इस अनुभव ने उन्हें युवाओं की समस्याओं और उनके हितों को समझने में दक्ष बनाया है। उनका कहना है कि यदि वे अध्यक्ष चुने जाते हैं, तो यूथ कांग्रेस के कार्यों में युवाओं की मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी और संगठन को और प्रभावी बनाया जाएगा।

## स्थानीय मुद्दों और युवाओं के हितों पर जोर

सिमरन सिद्धू ने विशेष रूप से युवाओं के रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को अपने प्राथमिक एजेंडे में रखा है। उनका मानना है कि युवा ही भविष्य हैं, और उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना संगठन मजबूत नहीं हो सकता।

मैं युवाओं की आवाज को हर मंच पर उठाऊंगा और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करूंगा। उनका विश्वास ही मेरी ताकत है।

खरड़ विधानसभा में सिमरन सिद्धू की उम्मीदवारी ने यूथ कांग्रेस में नई ऊर्जा और दिशा का संचार किया है। कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह इस बात का संकेत है कि आगामी चुनाव संगठन के लिए निर्णायक और प्रतिस्पर्धात्मक होने जा रहे हैं।सिमरन सिद्धू की सक्रियता, संगठनात्मक अनुभव और युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें इस चुनाव में मजबूत दावेदार बनाती है।

# सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी मामलों में दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, यूटर्न, 30 जनवरी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने करोड़ों रुपए के बैंक धोखाधड़ी के लंबे समय से लंबित मामलों में वांछित दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ये गिरफ्तारियां शुक्रवार को दो शहरों में चलाए गए एक सुनियोजित अभियान के बाद की गई।




आरोपियों की पहचान राजस्थान के बांसवाड़ा निवासी संजय शर्मा (जिन्हें संजीव दीक्षित और पंकज भारद्वाज के नाम से भी जाना जाता है) और गुजरात के वडोदरा निवासी शीतल शर्मा (जिन्हें आरती शर्मा के नाम से भी जाना जाता है) के रूप में हुई है।

दोनों कई वर्षो से फरार थे और सक्षम न्यायालयों द्वारा उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। सीबीआई के अनुसार, संजय शर्मा दो अलग-अलग बैंक धोखाधड़ी मामलों में नामजद थे। 13 मार्च, 2013 को दर्ज पहले मामले में, उन पर अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को 9.95 करोड़ रुपए का चूना लगाने का आरोप था। 11 जुलाई, 2013 को दर्ज दूसरे मामले में, उन पर आरती शर्मा और अन्य लोगों के साथ मिलकर 4 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372